


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-07 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) सोमवार 10 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों का बड़ा ऑपरेशन, एनकाउंटर में अब तक 31 नक्सली ढेर, 2 जवान भी शहीद




बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई, जिसमें अब तक 31 नक्सली मारे गए हैं। दुखद रूप से, इस मुठभेड़ में दो जवान भी शहीद हो गए और दो अन्य घायल हुए हैं। यह मुठभेड़ रविवार की सुबह इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान के जंगलों में शुरू हुई। इस ऑपरेशन में जिला रिजर्व गार्ड , स्पेशल टास्क फोर्स, और बस्तर फाइटर्स के जवान शामिल थे। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने पर यह कार्रवाई शुरू की, खासकर पंचायत चुनावों के मद्देनजर, क्योंकि नक्सलियों द्वारा चुनाव में बाधा डालने की आशंका थी।प्रारंभिक रिपोर्टों में 12 नक्सलियों के मारे जाने की सूचना थी, लेकिन ऑपरेशन जारी रहने के साथ ही यह संख्या बढ़कर 31 हो गई है। अधिकारियों ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद होने की भी जानकारी दी है। मारे गए नक्सलियों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए, जबकि दो घायल जवानों की हालत स्थिर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए एमआई-17 हेलीकॉप्टर से जगदलपुर ले जाया गया है। मुठभेड़ स्थल पर अतिरिक्त बल भेजा गया है ताकि नक्सलियों को भागने से रोका जा सके, और इलाके में तलाशी अभियान जारी है।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सुरक्षा गश्ती दल इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान के वन क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान पर था। सुबह से ही रुक-रुक कर गोलीबारी की खबरें हैं। यह कार्रवाई 1 फरवरी को बीजापुर में हुई एक और सफल मुठभेड़ के बाद हुई है, जिसमें सुरक्षा बलों ने आठ नक्सलियों को मार गिराया था और इंसास राइफल और बीजीएल लॉन्चर सहित हथियार बरामद किए थे।

### एनकाउंटर पर बोले अमित शाह- नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में मिली बड़ी सफलता



नई दिल्ली (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 31 नक्सलियों को ढेर कर दिया। सभी 31 वर्दीधारी माओवादी थे। इनके पास भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद हुई है। हालांकि इस मुठभेड़ में दो जवान शहीद और 2 घायल हुए हैं।बीजापुर में 31 नक्सलियों को ढेर करने पर गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे।

## दिल्ली के लोगों ने केजरीवाल की झूठी गारंटी को खारिज कर, पीएम मोदी की गारंटी को अपनाया : अनुराग ठाकुर

लखनऊ, (आरएनएस)।भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि दिल्ली के लोगों ने मोदी की गारंटी को अपनाया है, जबकि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की झूठी गारंटी को खारिज कर दिया है।दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें हासिल कर निर्णायक जीत हासिल की, जबकि आप 22 सीटों पर सिमट गई।अनुराग ठाकुर ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए आईएएनएस से कहा, मैं दिल्ली के लोगों को भाजपा को चुनने, मोदी की गारंटी को स्वीकार करने और केजरीवाल के झूठे वादों को खारिज करने के लिए धन्यवाद देता हूं। लोगों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केजरीवाल दिल्ली में सत्ता में वापस नहीं आएंगे। आप प्रमुख पर कटाक्ष करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि केजरीवाल को अब जेल जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए। उन्होंने केजरीवाल की इस टिप्पणी का हवाला दिया कि जनता के जनादेश का मतलब उन्हें जेल हो सकता है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत किया

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज आएंगी महाकुंभ, त्रिवेणी संगम में करेंगी पावन स्नान

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। राष्ट्रपति आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति मुर्मू सुबह संगम नोज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगी। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में राष्ट्रपति आस्था की डुबकी लगाकर सनातन आस्था को मजबूत आधार देंगी। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा। बता दें कि इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में पावन स्नान किया था।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वह बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन करेंगी और पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल को राष्ट्रपति समर्थन देंगी। वे डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी, जिसमें महाकुंभ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। यहां देश-विदेश के श्रद्धालुओं को इस अद्भुत आयोजन को और अधिक निकटता से अनुभव करने के लिए स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति शाम पौने छह बजे प्रयागराज से वापस नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी। राष्ट्रपति का यह दौरा न केवल प्रयागराज के लिए ऐतिहासिक होगा, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए भी एक प्रेरणादायी क्षण होगा। उनकी उपस्थिति से महाकुंभ के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को एक नई ऊंचाई मिलेगी।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान श्रद्धालु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाते हुए।

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव लाड़ली बहनों के खाते में राशि करेंगे अंतरित

1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित होंगे 1553 करोड़ रुपये

56 लाख सामाजिक सुरक्षा के पेंशन हितग्राहियों और 81 लाख किसानों के खाते में राशि होगी अंतरित

भोपाल (निप्र) । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और किसान कल्याण योजना के हितग्राही किसानों के खातों में राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव हितग्राहियों से संवाद कर योजना के लाभ की जानकारी भी लेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये और किसान कल्याण योजना में 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपये अंतरित की जायेगी।




**144 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 144 करोड़ के 53 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। इसमें 102 करोड़ रुपये के 37 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 42 करोड़ रुपये के 16 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी करेंगे।

## गजब लोग, महाकुंभ स्पेशल ट्रेन के इंजन में ही घुस गए यात्री

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया हैं। जहां, महाकुंभ स्पेशल ट्रेन के इंजन पर ही यात्रियों ने कब्जा कर लिया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।दरअसल, प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर प्रयागराज जाने वाली महाकुंभ स्पेशल ट्रेन खड़ी थी। ट्रेन में पहले से ही भरी भीड़ थी, लेकिन जब यात्रियों को सीटें नहीं मिलीं, तो कुछ लोग ट्रेन के इंजन में ही चढ़ गए। जब ट्रेन के लोको पायलट ने अपनी केबिन में जाने की कोशिश की, तो यात्रियों ने दरवाजा तक खोलने से इनकार कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख रेलवे प्रशासन ने तुरंत रेलवे सुरक्षा बल को बुलाया गया। जवानों ने यात्रियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ टस से मस नहीं हुई।

## सरकारी अस्पताल के परिसर में गैंगरेप, 2 नाबालिग लड़कियों के साथ चार लड़कों ने की दरिंदगी

रांची (आरएनएस)। झारखंड की राजधानी रांची में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। शहर के बीचोबीच स्थित सदर अस्पताल के परिसर में दो नाबालिग लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। इस घटना से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह घिनौनी वारदात रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित सदर अस्पताल के स्टाफ क्वार्टर में हुई। पुलिस के अनुसार, चारों लड़के दो लड़कियों को बहला-फुसलाकर स्टाफ क्वार्टर के एक कमरे में ले गए। बताया जा रहा है कि लड़कियां आरोपियों को पहले से जानती थीं। कमरे में लड़कों ने बारी-बारी से दोनों लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। गिरफ्तार आरोपियों में दो बालिग हैं, जबकि दो नाबालिग हैं।

## देश का अन्नदाता किसान ही है विकास की सबसे बड़ी पूंजी : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

चित्तौड़गढ़ (आरएनएस)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को चित्तौड़गढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने मेवाड़ के हरिद्वार कहे जाने वाले चित्तौड़गढ़ स्थित मातृकुंडिया में भगवान शिव के मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा को संबोधित किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं यहां 25 साल बाद आया हूं। 25 साल पहले इसी जगह पर सामाजिक न्याय की लड़ाई की शुरुआत की थी। जाट और कुछ जातियों को आरक्षण मिला। आज उसके नतीजे देश और राज्य की प्रशासनिक सेवाओं में मिल रहे हैं। उसी सामाजिक न्याय पर, उसी आरक्षण पर जिनको लाभ मिला है, आज वो सरकार में प्रमुख पदों पर हैं। उनसे मेरा आग्रह रहेगा, पीछे मुड़कर जरूर देखें और कभी नहीं भूलें, इस समाज के सहयोग की वजह से, इस समाज के प्रयास की वजह से हमें सामाजिक न्याय मिला है।उन्होंने किसानों को देश के विकास की आर्थिक रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है, भाग्य विधाता है। किसान के हाथ में विकास की कुंजी है और यही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है।






## हरदोई में डंपर और पीएनजी गैस टैंकर की भिड़ंत, गैस लीक होने से हाईवे बंद

हरदोई (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के हरदोई में डंपर और पीएनजी गैस टैंकर की भीषण टक्कर हुई, जिसके बाद गैस लीक होने लगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हाईवे को कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया। मामला हरदोई के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के कटरा-बिल्हौर हाईवे का है। बताया जा रहा है कि रविवार देर रात सदरपुर के पास एक डंपर और पीएनजी गैस सिलेंडर से भरे टैंकर के बीच टक्कर हुई थी। हादसा इतना जबरदस्त था कि टैंकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें रखे सिलेंडर से गैस का रिसाव होने लगा।गैस रिसाव की सूचना मिलते ही बिलग्राम और माधोगंज पुलिस मौके पर पहुंची। हाईवे को तुरंत ही बंद कर दिया गया, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। फायर ब्रिगेड और गैस कंपनी को भी सूचित किया गया। बता दें कि इस हादसे में दोनों वाहनों के चालक और हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमें से टैंकर के चालक की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस और प्रशासन की टीमें गैस रिसाव को रोकने और हालात को नियंत्रित करने में जुटी हैं।

## 'एकात्म धाम' में आदि शंकराचार्य के जीवन प्रसंग पर आयोजित कथा में सम्मिलित हुए उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा

### आचार्य शंकर ने तीर्थों, शास्त्रों एवं परंपराओं का किया उद्धार : स्वामी गोविन्ददेव गिरि



प्रयाग (आरएनएस)। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा अद्वैत वेदान्त दर्शन के लोकव्यापीकरण एवं सार्वभौमिक एकात्मता की संकल्पना के उद्देश्य से महाकुम्भ क्षेत्र के सेक्टर 18 में स्थापित एकात्म धाम मंडपम्, हरीशचंद्र मार्ग में आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर केंद्रित 'शंकरो लोकशंकर' कथा के दूसरे दिन मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सम्मिलित हुए, उन्होंने न्यास द्वारा प्रदर्शित अद्वैत लोक, पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उन्होंने कथा व्यास राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्ददेव गिरि महाराज का पुष्पहार एवं आचार्य शंकर का चित्र भेंटकर स्वागत किया। ज्ञात हो कि कथा का आयोजन 12 फरवरी तक प्रतिदिन शाम 04 बजे से होगा।आचार्य शंकर की कथा कहते हुए पूज्य श्री गोविंद गिरि जी महाराज ने श्रेष्ठ आचरणों पर बात करते हुए कहा कि आप परमात्मा के प्रति होते हैं तो संपूर्ण सृष्टि आपकी सेवा के लिए लालायित हो उठती है।

### मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने दिया इस्तीफा, कांग्रेस की ओर से अविश्वास प्रस्ताव लाने की थी तैयारी

इंफाल (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम आने के ठीक एक दिन बाद मणिपुर में बड़ा सियासी उलटफेर हुआ है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले शनिवार को विशेष विमान से वह दिल्ली आए थे। यहां दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद आज देर शाम राजभवन पहुंचे।

जहां एन बीरेन सिंह ने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंपा। इस दौरान बीजेपी सांसद संबित पात्रा, राज्य के मंत्री और विधायक मौजूद थे।

## रायबरेली में पायलट की सूझबूझ से बड़ा रेल हादसा टला, ट्रैक पर पत्थर रख रची गई थी साजिश

रायबरेली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में रविवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। चंपा देवी पुल के नजदीक रेलवे ट्रैक पर कुछ शरारती तत्वों द्वारा बड़े पत्थर रख दिए गए थे। सुपरफास्ट एक्सप्रेस के लोको पायलट की सूझबूझ से दुर्घटना टल गई। इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है। आरपीएफ मामले की छानबीन कर रहा है। पुलिस ने बताया कि नगर कोतवाली में एक तहरीर प्राप्त हुई है। इस मामले को आरपीएफ देख रहा है। वही इसकी छानबीन कर रहा है।



रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह घटना पुल पर हुई है। रनिंग रेल के बीच कुछ पत्थर रखे दिखाई दिए। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों ने पुलिस को जानकारी दी और स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया गया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है कि इन पत्थरों को वहां रखने के पीछे किसकी साजिश है।बछरावां क्षेत्र के वरिष्ठ खंड अभियंता ने शहर कोतवाली में तहरीर दी। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ माह से ट्रेन हादसा कराने के उद्देश्य से लगातार साजिश की जा रही है।





# जीआईएस से प्रदेश का इंडस्ट्रियल सेक्टर होगा बूस्ट-अप : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## इन्वेस्टर्स के लिए आइडियल डेस्टिनेशन बन रहा है मध्यप्रदेश

भोपाल(आरएनएस)। मध्यप्रदेश में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर भोपाल के आसपास के औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप, बगरोदा, पीलूखेड़ी, गोविंदपुरा, अचारपुरा और फंदा के उद्यमियों के साथ ही उन युवाओं में भी खासा उत्साह है, जो नई तकनीक को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूर्ण करने में सहभागी बनना चाहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेश संबंधी अपने विदेश दौरे में कंपनियों को तकनीकी रूप से भी मध्यप्रदेश के विकास में सहभागी बनने का निमंत्रण दिया है। यूके, जर्मनी और जापान की कंपनियों ने तकनीक के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश को आगे बढ़कर संवारने का वादा किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि जब विदेशी कंपनियां अपने उद्योग यहां स्थापित करेंगी, तो निन्संदेह नवीनतम तकनीक यहां आएगी और उद्योगों को विश्व स्तरीय तकनीक के साथ आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे प्रदेश का इंडस्ट्रियल सेक्टर बूस्ट-अप भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नवंबर 2024 में हुए 6 दिवसीय यूके और जर्मनी दौरे में उद्योगपतियों और निवेशकों से लगभग 78 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले। इससे प्रदेश के समग्र विकास और टेक्नो-फ्रेण्ड्ली युवाओं को रोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के यूके-जर्मनी दौरे से पहले सागर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्रस्ताव आया था कि तकनीकी क्षेत्र में जर्मनी और भारत संयुक्त रूप भोपाल के अचारपुरा में इकाई स्थापित करेंगे। इस कंपनी के जर्मन निवेशक को जर्मनी में भूमि आवंटन-पत्र प्रदान किया गया। कंपनी द्वारा भोपाल में 100 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया जाएगा। सॉफ्टवेयर और आईटी पार्क के निर्माण पर विभिन्न इंटरैक्टिव सेशन और राउंड टेबल डिस्कशन भी संपन्न हुए हैं। वुडपैकर सॉफ्टवेयर ने रसायन और आईटी सेक्टर में 1,100 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि यूके और जर्मनी की यात्रा से टेक्नो-फ्रेंड्ली युवाओं के लिए रोजगार सृजन के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। यूके और जर्मनी द्वारा प्रदेश में निवेश से तकनीकी संस्थानों में उन्नत टेक्नोलॉजी आएगी, जिससे युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे, साथ ही प्रदेश के संस्थानों का विश्व स्तरीय तकनीक से परिचय होगा और उन्हें वैश्विक स्वरूप मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को तकनीक के क्षेत्र में यूके और जर्मनी की सफल यात्रा के बाद उतनी ही सफलता जापान की यात्रा में भी मिली है। जापान-मध्यप्रदेश औद्योगिक सहयोग फोरम की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली, जिससे प्रदेश में जापानी इंडस्ट्रियल पार्क, कौशल विकास केंद्र और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग हब स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूरे आत्मविश्वास से कहते हैं कि इस बार जापान, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कंट्री पार्टनर के रूप में शामिल होगा, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। जापान की कंपनियों ने मध्यप्रदेश में मेडिकल डिवाइस, ऑटोमोबाइल्स, मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्सटाइल (रेडिमेड गारमेन्ट्स) सेक्टर में निवेश करने की इच्छा जताई है। जापान की कंपनियों के सहयोग से हम प्रदेश को इन्वेस्टमेंट के लिए एक आइडियल डेस्टिनेशन और इंडस्ट्री फ्रेंडली स्टेट बनाने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापान एक्सटर्नल ट्रेड आर्गनाइजेशन (जेट्रो) के अध्यक्ष श्री सुसुमु काताओका के साथ बैठक में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष फ्रेमवर्क पर सहमति बनी है। जेट्रो मध्यप्रदेश में अपना कार्यालय स्थापित कर सकता है, जिससे जापानी कंपनियों को प्रदेश में निवेश के लिए मार्गदर्शन मिलेगा।



## विविध-समाचार

### सर्विस मीट का फैशन शो के साथ समापन

भोपाल(आरएनएस)। आईपीएस सर्विस मीट के दूसरे और अंतिम दिन कोलार रिसोर्ट में गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें ऑफिसर्स के साथ उनकी फैमिली भी पहुंची इस दौरान डीजे व म्यूजिक का भी सभी ने आनंद लिया और शाम के समय पुलिस ऑफिसर्स मेस में कल्चरल इवेंट्स का फाइनल आयोजन किया गया। जिसमें गीत संगीत की प्रस्तुति दी गई इस दौरान आईपीएस ऑफीसर्स ने फिल्मी व देशभक्ति गीतों से शाम को सुरीला बनाया इसके बाद फैमिली फैशन शो का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कल्चरल इवेंट्स के बाद फिर एक बार सभी ने डीजे की धुन पर डांस किया और दोस्तों व परिवार के साथ बिताए इन दो दिनों के यादगार पलों को सहेजा। आईपीएस सर्विस मीट में डीजीपी कैलाश मकवाना, पूर्व डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना, ऋषि शुक्ला, स्पेशल डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, एडीजी योगेश चौधरी, आईजी चंद्रशेखर सोलंकी, राजेश चंदेल, छद्धत्न रियाज इकबाल ने अपने परिवार के साथ रैंप वॉक किया।

आईपीएस ऑफीसर्स मीट 2025 के अंतर्गत सभी ऑफिसर्स अपनी फैमिली के साथ उपस्थित थे, दो दिवसीय आईपीएस सर्विस मीट का फैशन शो के साथ समापन भोपाल में हो गया।

### मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की मुलाकात

भोपाल 9 फरवरी (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश भाजपाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर का पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया।

### विद्युत उपकेंद्र में कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल(ए)। राजधानी के ग्रामीण क्षेत्र स्थित थाना बैरसिया के ग्राम बसई में बने विद्युत उपकेंद्र में दोपहर के समय कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकररी के अनुसार विद्युत उप केन्द्र-बसई बैरसिया में संजय मेहर उर्फ संजू ने ड्यूटी पर आने के बाद सब स्टेशन के अंदर पंखे के सहारे रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बाद में अन्य कर्मचारियों ने उसे फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। मोके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच के बाद मार्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। जांच टीम का कहना है कि फिलहाल घटनास्थल से सुसाइड नोट या कोई अन्य सुराग नहीं मिलने से आत्महत्या का कारण साफ नहीं हो सका है। आगे की जांच में मृतक के परिजनों और साथी कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जाएंगे जिसके बाद ही कारणों का पता चल सकेगा।

### प्रधानमंत्री मोदी विद्यार्थियों से आज करेंगे परीक्षा पे चर्चा

भोपाल(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री हर वर्ष परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम सोमवार 10 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष प्रदेश से 18 लाख 27 हजार विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने अपना पंजीयन कर सहभागिता की है।

कार्यक्रम का संचार माध्यमों पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया एवं ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट, mygov.in, यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव, स्वयंप्रभा चैनल एमओई, दीक्षा चैनल एमओई से भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

### महापौर व निगम आयुक्त ने राजा भोज विमानतल पर की केंद्रीय मंत्री खट्टर की अगवानी

भोपाल (आरएनएस)। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल खट्टर के भोपाल पहुंचने पर महापौर मालती राय एवं निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने की अगवानी, पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल खट्टर रविवार को राजधानी प्रवास पर भोपाल पहुंचे। राजा भोज विमानतल पर महापौर मालती राय एवं निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने ट्टर की अगवानी की एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, महापौर परिषद के सदस्य राजेश हिंगोरानी आदि भी उपस्थित थे।

## नर्मदापुरम हाईवे पर उज्जैन से वाराणसी जा रही बस पलटी, 25 घायल

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल-नर्मदापुरम हाईवे पर सागर हॉस्पिटल के पास देर रात करीब 12:30 बजे उज्जैन से वाराणसी जा रही रमाशिव ट्रेवल्स की बस नम्बर एमपी41जेडएफ़8568 डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। हादसे में 25 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस के पीछे से आ रही है क्रेटा कार(एमपी04जेडएच7573) अचानक कट मारकर ओवरटेक करते हुए बस के सामने आ गई, जिसे बचाने के क्रम में बस डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत बस का शीशा तोड़कर यात्रियों को यात्रियों को निकालना शुरू कर दिया।



पुलिस के मुताबिक हादसे में घायल हुए यात्रियों को नोवल अस्पताल, सागर हॉस्पिटल और एम्स में भेजा गया है।इस बस एक्सीडेंट में घायल हुए बस में सवार यात्री ने बताया कि वह सीहोर से रीवा जाने के लिए बस में बैठे थे। बस भरी हुई थी। बस में जगह न होने के कारण मैं और दो लोग ड्राइवर केबिन में बैठकर सफर कर रहे थे। तभी बहुत तेज रफ्तार में क्रेटा कार ने ओवरटेक किया। उसे बचाने की कोशिश में बस डिवाइडर से टकरा गई। टकराने ने बाद बैलेंस बिगड़ा और 50 मीटर दूर जाकर पलट गई। बस पलटने के बाद कुछ लोग आए जिन्होंने बस के दरवाजे तोड़कर सवारियों को बाहर निकाला। मैं देख रहा था कि बहुत सी सवारियां खून से लथपथ थीं। किसी की मौत नहीं हुई।बस जिस जगह डिवाडर से टकराई वहां रोडलाईट पोल था। टक्कर इतनी भीषण थी कि लाइट पोल उखड़कर 100 फिट दूर जाकर गिरा। कांच के टुकड़े हाइवे के पार सर्विस रोड तक जाकर गिरे। बस के परखच्चे 200 मीटर तक फैले हुए थे।

## श्रेष्ठ कर्मों और व्यवहार से पहचान बनाई स्व. रामदयाल प्रजापति ने- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्व. रामदयाल प्रजापति ने एक श्रेष्ठ जन-प्रतिनिधि की पहचान बनाई। उनका जीवन श्रेष्ठ कर्मों और कुशल व्यवहार से जाना गया है। उनके निधन के बाद उनके प्रति विभिन्न जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा व्यक्त विचारों से भी यह सिद्ध होता है कि वे एक कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार की शाम हिन्दी भवन में स्व. रामदयाल प्रजापति को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित की गई सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 1994-1995 से उनका प्रजापति से संबंध रहा है। उन्होंने भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष और माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष के नाते अपने कार्य और आचरण से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखा। उनके व्यक्तित्व का यह अनूठा गुण था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. प्रजापति के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा को वरिष्ठ सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि स्व. रामदयाल प्रजापति सदैव कार्यकर्ता के भाव से सौंपे गए दायित्व पूरे करते रहे। संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि स्व. प्रजापति वरिष्ठ नेता होते हुए भी सहज व्यवहार से जाने जाते थे। उन्होंने आधुनिक युग के अनुकूल सूचना प्रौद्योगिकी माध्यमों का भी कुशलता से उपयोग किया। श्रद्धांजलि सभा को विधायक भगवानदास सबनानी और अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

## मोतीनगर में प्रशासन ने 110 दुकानों को हटाया



भोपाल (आरएनएस)। राजधानी में प्रशासन ने शहर के मोतीनगर क्षेत्र में 110 दुकानों को रविवार को हटाया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुबह 5 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चली। इस दौरान पुलिस ने चारों तरफ से बैरिकेडिंग की थी। जोकि लगभग एक किमी तक लोगों की आवाजाही प्रतिबंध लगा रखी थी। वहीं कार्रवाई के दौरान कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला को पुलिस ने नजरबंद किया था।

प्रशासन ने दुकानों को हटाने से पहले सुभाषनगर ब्रिज को भी बंद कर दिया था। इसके साथ ही मीडिया यहां पर जाने की मनाही थी। कार्रवाई के समय 10 जेसीबी, 25 डंपर, 2 बड़ी पोकलेन, 50 लोडिंग गाड़ियां, 10 ट्रैक्टर-ट्राली लगाई गई है। इसके साथ ही जिला प्रशासन का अमला, पुलिस, नगर निगम और रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्रवाई के समय पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। वहीं रचना नगर, रायसेन रोड, सुभाष नगर और बोगदा पुल की तरफ बैरिकेडिंग की गई। इस तरफ किसी को भी आने जाने की अनुमति नहीं थी। बैरिकेडिंग लगाने की कार्रवाई तीन स्तर पर की गई थी। जबकि सुभाष नगर ब्रिज के दोनों ओर पुलिस बल तैनात रही। पूल पर आवगमन बंद कर दिया गया था। कार्रवाई के दौरान 4 एसडीएम, 4 तहसीलदार, 10 नायब तहसीलदार, 10 राजस्व निरीक्षक, 50 पटवारी, 50 कोटवार तैनात किए गए। इसके साथ से ही 200 से ज्यादा पुलिस बल को तैनात किया गया था। इस दौरान रहवासियों को रास्ता बंद होने से काफी परेशानी हुई। कार्रवाई के समय सुभाष नगर रेलवे ओवर ब्रिज को भी बंद कर दिया गया था। अफसरों को इस बात का डर था कि कार्रवाई के समय हंगामे की स्थिति बन सकती है। ऐसे में ब्रिज के ऊपर से भी पत्थरबाजी होने की संभावना थी। इसलिए दोनों ओर से ब्रिज पर पुलिस के जवानों को तैनात कर दिए गए। मालूम हो कि सुभाषनगर ब्रिज की थर्ड लेन और रेलवे की थर्ड लाइन के लिए यहां के 384 मकान और 110 दुकानों को तोड़ा जा रहा है। बता दें कि 6 फरवरी को पुलिस मौके पर पहुंची थी और लोगों को सामान हटाने का अल्टीमेटम दिया था।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न

### हम आत्मनिर्भर बनें भारत को विश्व गुरु बनायें

भोपाल (आरएनएस)। थांदला महाविद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के सात दिवसीय साप्ताहिक कार्यक्रम में समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय गोरक्षा वाहिनी प्रदेश महामंत्री महाविद्यालय जन-भागीदारी सदस्य पार्षद राजू धानक विशेष अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संयोजक समन्वयक डॉ बीएल डावर पूर्व प्राचार्य डॉ जी सी मेहता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीटर डोडीयार गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम कि शूरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, युवा के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद जी चित्र पर पुष्प मालियां अर्पित कर नमन किया,

इस दौरान अतिथियों ने विकसित भारत, स्वच्छ भारत, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवा आगे बढ़े। ग्रामीण लोगों को शिक्षित एवं जागरूक बनने के लिए प्रेरित करें, उपरोक्त विचार महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम देवगढ़ में सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजू धानक ने व्यक्त किये। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ बी एल डावर ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर में जो कुछ भी सीखा है, उसे समाज में लेकर जाएं, उन्होंने डिजिटल साक्षरता, माय भारत पोर्टल की जानकारी देते हुए कहा कि माय भारत पोर्टल पर साथ दिवस की शिवर के अनुभव को अपलोड करें।

पूर्व प्राचार्य डॉ जी सी मेहता ने कहा कि निस्वार्थ भाव से किसी की मदद करना ही सेवा है, यही राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य है। प्राचार्य डॉ पीटर डोडियार ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पाठ्य- पुस्तकों के अध्ययन के अलावा अन्य गतिविधियों में सहभागिता करने का राष्ट्रीय सेवा योजना बेहतर माध्यम है।

## भोपाल में 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) होगी




भोपाल (आरएनएस)। इसमें देश-विदेश से करीब 20 हजार मेहमान आएंगे। इनमें देश-विदेश के बड़े उद्योगपति जैसे- अंबानी, अडाणी, टाटा, बिरला, महिंद्रा भी शामिल हैं। इनके लिए खास इंतजाम किए जा रहे हैं। 2 से 5 स्टार रेटिंग वाले होटलों में 1 लाख रुपए तक के रूम बुक हो चुके हैं, तो दो जगह 100 टेंट की टेम्परेरी 'टेंट सिटी' भी बनेगी।

दोनों टेंट सिटी कलियासोत और केरवा डैम किनारे बनेगी। ताकि, मेहमान प्रकृति के नजारे भी देख सकें। पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद कॉलेज के पास कलियासोत ग्राउंड और केरवा डैम के पिछले हिस्से में जगह तय हो चुकी है। परमिशन मिलने ही मप्र राज्य पर्यटन विकास ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। अगले पांच से छह दिन में टेंट सिटी बनकर कंप्लीट हो जाएगी।

जानकारी के मुताबिक, दोनों जगह पर 50-50 टेंट की सिटी डेवलप की जा रही है। इनमें होटल जैसी लग्जरी सुविधाएं ही रहेंगी। अंदर डबल बेड, एयर कंडिशन रहेगा तो बाहर सिक्योरिटी के इंतजाम और डॉक्टरों की टीम 24 घंटे मौजूद रहेगी। 3 दिन के लिए ये टेंट सिटी बनेगी। इनमें विदेशी मेहमानों को रुकवाने का प्लान है। ताकि, वे प्रकृति भरे माहौल में रहे। टेंट सिटी से समिट स्थल तक लाने ले जाने के लिए गाड़ियां मौजूद रहेंगी। जानकारी के मुताबिक, समिट के लिए अब तक करीब 17 हजार उद्योगपति अपने रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। इनमें प्रदेश, देश और विदेश के उद्योगपति भी शामिल हैं। 12 फरवरी तक ये रजिस्ट्रेशन होंगे। ऐसे में 3 से 5 हजार रजिस्ट्रेशन होने का अनुमान और 24 फरवरी को उद्घाटन सत्र के दिन भी ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके लिए स्मार्ट सिटी पार्क में काउंटर बनेंगे। यही से ऐसे मेहमानों के दूसरे कार्ड भी जाएंगे, जो लाना भूल गए हों।जानकारी के मुताबिक, समिट में भोजन के मैन्यू को अंतिम रूप दे दिया गया है। मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम दो दिन में 20 हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था करेंगा। फूड पैकेट की भी व्यवस्था की गई है।

## कांग्रेसियों ने खराब सड़कों पर रोपे बेशर्म के पौधे

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी में आगामी 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर भोपाल एयरपोर्ट से लेकर मानव संग्रहालय तक सड़कें बनाई जा रही हैं। शहर के मुख्य मार्गों का नए सिरे से रेनोवेशन कर रंगाई-पुताई और पौधारोपण किया जा रहा है। शहर के दूसरे हिस्सों की खराब सड़कें न बनाए जाने से नाराज कांग्रेस नेताओं ने भोपाल में प्रदर्शन किया। गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में खराब सड़क पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के साथ बेशर्म के पौधे रोपे।पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने सड़क पर बेशरम के पौधे रोपने के बाद मीडिया से कहा- सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट करा रही है। इस मीट में प्रधानमंत्री मोदी से लेकर देश-विदेश के तमाम उद्योगपति भोपाल आएंगे। सबका भोपाल में स्वागत है। लेकिन, सरकार इस आयोजन को लेकर भोपाल के नागरिकों के साथ भेदभाव कर रही है। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में खराब सड़कों को लेकर प्रदर्शन किया। गोविंदपुरा विधानसभा के महात्मा गांधी चौराहे से पिपलानी पेट्रोल पंप तक कांग्रेसियों ने खराब सड़कों को लेकर प्रदर्शन किया और बेशर्म के पौधे लगाए।

# बिजनेस मीट के साथ होगा काशी में अंतरराष्ट्रीय योगिनी सम्मेलन का भव्य आयोजन

### -केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सहित देश-विदेश की गणमान्य हस्तियां होंगी शामिल

भोपाल (आरएनएस)। भगवान शंकर की पावन नगरी काशी एक भव्य और ऐतिहासिक आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। 22 फरवरी को वाराणसी के आईयूसीटीई ऑडिटोरियम, बीएचयू में होने वाले पांचवें अंतरराष्ट्रीय योगिनी अवार्ड सम्मेलन की तैयारियां पूरे जोश और उत्साह के साथ जारी हैं। यह प्रतिष्ठित आयोजन भारतीय योगिनी महासंघ, एडुजीलाइफसंस्था और परमार्थ निकेतन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम की समन्वयक एवं भारतीय योगिनी महासंघ की संस्थापक डॉ. आर. एच. लता ने हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती सावित्री ठाकुर को पॉप औपचारिक रूप से आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया है। इस आयोजन में आध्यात्मिक गुरु स्वामी चिदानंद सरस्वती, पूज्य साध्वी भगवती, राष्ट्रीय आयुष सलाहकार अशोक वार्ष्णेय, डॉ दयाशंकर मिश्रा आयुष मंत्री उप्र सरकार सहित मध्य प्रदेश सरकार के कई मंत्री और गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे।

**-महिलाओं के सशक्तिकरण को समर्पित आयोजन**

डॉ. लता ने बताया कि यह भव्य आयोजन महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करने, समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को पहचानने और उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम के केंद्र में इंडिया @ 2047 की परिकल्पना को साकार करने में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना भी शामिल है।

डॉ लता ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती को समर्पित किया गया है, जो महिलाओं की शक्ति, नेतृत्व और सामाजिक कल्याण के प्रतीक रूप में सम्मानित की जाती हैं।

**-देश-विदेश से आएंगी विशिष्ट योगिनी**

अंतरराष्ट्रीय योगिनी अवॉर्ड सम्मेलन में जापान, साउथ कोरिया, वियतनाम, फ्रांस, जर्मनी, अमेरिका, सिंगापुर, नेपाल सहित कई देशों से प्रतिष्ठित योगिनी शिरकत करेंगी। इसके अलावा, भारत के विभिन्न राज्यों से भी विशिष्ट महिलाओं को उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

**-23 फरवरी को प्रयागराज में कुंभ स्नान एवं संगोष्ठी**

कार्यक्रम के अगले दिन, 23 फरवरी को प्रयागराज में कुंभ स्नान का आयोजन किया जाएगा, जिसके उपरांत एक विशेष संगोष्ठी का भी आयोजन होगा। इस अनूठी पहल के माध्यम से आध्यात्मिकता, संस्कृति और नारी शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

**-काशी तैयार, ऐतिहासिक आयोजन की उलटी गिनती शुरू**

वाराणसी इस भव्य आयोजन के लिए पूरी तरह से तैयार है। कार्यक्रम के आयोजन स्थल पर सभी व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं। मेहमानों के स्वागत से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तक, हर पहलू को भव्य और गरिमामय बनाने के लिए टीम पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। डॉ लता ने कहा कि यह आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति और परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक नई ऊर्जा का संचार भी करेगा।




उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार ने गुफा मंदिर स्थित सभागार में आयोजित स्नेह सम्मेलन में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के आहवान पर स्वच्छ, हरे-भरे और नशा मुक्त ग्वालियर के लिए दौड़े शहरवासी



ग्वालियर (ए.)। स्वच्छ, हरा-भरा और नशा मुक्त बनाने के लिए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की पहल पर शुरु किए गए अभियान के तहत रविवार सुबह कांच मिल से पाताली हनुमान तक मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के साथ जन-प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, वरिष्ठजन और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस मिनी मैराथन दौड़ में सहभागिता की। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि हम सभी ने एक सच्ची भावना के साथ बीते एक माह पूर्व यह संकल्प लिया था कि ग्वालियर को स्वच्छ, हरा-भरा, प्रदूषण मुक्त और नशा मुक्त बनाने का अभियान चलाएंगे। इसी अभियान के तहत बीते माह से प्रतिदिन सीताराम धुन का वाचन निरंतर किया जा है। इसी कड़ी में हर माह सुन्दरकाण्ड और 200 से 1000 मीटर की मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन करने का भी हम सभी ने संकल्प लिया है।

ऊर्जा मंत्री ने शपथ दिलाई कि हम प्रतिदिन अपनी दैनिक दिनचर्या में से कुछ समय निकालकर ग्वालियर को स्वच्छ, हरा-भरा, प्रदूषण मुक्त और नशा मुक्त बनाने के अभियान के लिए खुद समय देंगे और अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने और साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित करेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने उपस्थित लोगों का आवाह्न किया कि वे एक अच्छे समाज का निर्माण करें। जैसे हम अपने परिवार के दायित्वों का निर्वहन करते हैं, वैसे ही हम अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करें। अपने घर परिवार बेटे बेटियों मित्र मंडली को संस्कारवान बनाएंगे, तभी हम संस्कारवान समाज का निर्माण कर सकेंगे।

# मैहर में दिखा कुंभ का असर,एडिशनल और टीआई संभाल रहे यातायात की कमान

मैहर (आरएनएस)। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ का प्रभाव अब मैहर में भी साफ नजर आने लगा है। श्रद्धालुओं का सैलाब बढ़ने के साथ ही सड़कों पर वाहनों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, जिससे यातायात



व्यवस्था चुनौती बन गई है। लेकिन मैहर जिले के एडिशनल ह्यश्च मुकेश वैश्य और थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी इस चुनौती को बखूबी संभाल रहे हैं।चाहे सुबह हो या रात,एडिशनल स्क्रवैश्य और टीआई द्विवेदी लगातार सड़क पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि मैहर से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो और यातायात सुचारू बना रहे। खासतौर पर मैहर-कटनी मार्ग और रीवा-प्रयागराज मार्ग पर वाहनों की संख्या को संतुलित करने के लिए वह स्वयं सड़क पर मौजूद रहकर दिशा-निर्देश दे रहे हैं।सोशल मीडिया पर भी पुलिस की यह तत्परता चर्चा में है। लोग उनकी सेवा भावना की सराहना कर रहे हैं और इसे मैहर पुलिस की मिसाल बता रहे हैं। कुंभ मेले के इस खास मौके पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए उनकी यह सक्रियता पुलिस प्रशासन के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत कर रही है।

## सोनकच्छ अस्पताल में लापरवाही पर सीएमएचओ की सख्ती, 19 कर्मचारियों को नोटिस

देवास (आरएनएस)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने सिविल अस्पताल सोनकच्छ का औचक निरीक्षण किया, जहां लापरवाही और अनुशासनहीनता उजागर हुई। अनुपस्थित 7 चिकित्सकों सहित 19 कर्मचारियों पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। स्टोर प्रभारी को तत्काल हटाया गया, जबकि अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश मिले। ष्टरू॥ह्र ने स्वास्थ्य संस्थाओं में नियमित निरीक्षण और अनुशासन बनाए रखने के कड़े आदेश जारी किए। सीएमएचओ को अस्पताल में उपचार के दौरान लापरवाही की जानकारी मिली थी। इसे संज्ञान में लेते हुए उन्होंने निरीक्षण किया।झसीएमएचओ डॉ. बेक ने बिना अवकाश स्वीकृति के अनुपस्थित डॉ संदीप भंडारी, डॉ नेहा मेश्राम, डॉ लोकेंद्र नागर, डॉ रामराज परमार, आरबीएसके चिकित्सक डॉ अंबिका दुबे, बंधनपत्र चिकित्सक डॉ श्रुति दरक, डॉ प्राची नायक, लैब टेक्नीशियन पंकज वर्मा, मलेरिया निरीक्षक मांगीलाल मंडलोई, बीईई अशोक खाकरिया, स्टोर प्रभारी नरेंद्र कुमार देशमुख, डाटा एंट्री आपरेटर राजेश जाधोन, ड्रेसर विजय राठौर, रामचरण हवेरिया, एएनएम रीना सांगते, नर्सिंग ऑफिसर मुस्कान सोनी, सीमा डेकवास, अरुण चौहान, आरकेएसके काउंसलर पिंकू नाथ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## बीनागंज में वन विभाग की टीम ने सुअर का शिकार कर काटपीट करते चार को किया गिरफ्तार

गुना (आरएनएस)। दिनांक 08/02/25 को दोपहर परिक्षेत्र अधिकारी बीनागंज को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सियारी गांव में कुछ शिकारी जंगल से जंगली सुअर का शिकार कर सियारी गांव में एक घर में उक्त जानवर की काटपीट कर रहे है । तत्काल स्टाफ द्वारा उक्त मकान पर दबिश दी गई और मौके से जंगली जानवर का माँस, कुल्हाड़ी, हंसिया, 2 मोटरसायकल और 4 लोगो को अभिरक्षा में लेकर पूछ ताछ की गई, जिसमे उनके द्वारा अपना जुर्म करना कबूल कर लिया गया । जिसमे वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा ।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मेले की खान-पान की दुकानों का किया निरीक्षण

## मौके पर ही की खाद्य पदार्थों की जाँच



ग्वालियर (ए.)। श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला में सैलानियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मेला परिसर में स्थित फूड स्टॉलों, रेस्टोरेंट्स, सोफ्टी एवं पापड़ सेंटर इत्यादि की निरंतर जांच की जा रही है। रविवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती निरूपमा शर्मा ने मेला में पंडित सूप छत्री नं. 3 के मसाले, शिव सोफ्टी छत्री नं. 11 के आइसक्रीम, सॉस एवं नमकीन, श्री गिर्राज सोफ्टी छत्री नं. 11 के मसाले, डॉली अंजली खजला छत्री नं. 11 के पापड़ तलने वाले तेल, पापड़ मसाला और खजला की मौके पर ही जांच की। चलित खाद्य प्रयोगशाला में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक मिल्क टेस्ट मशीन से सोफ्टी सेंटर, रेस्टोरेंट और खजला बिक्री सेंटरों पर दूध एवं दूध से बने उत्पादों, जैसे मावा, दही, पनीर और घी की भी जांच की गई।इसके अलावा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी निरूपमा शर्मा ने सैलानियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों की पहचान के सरल और प्रभावी तरीकों से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक मिल्क टेस्ट मशीन से कुछ ही सेकंड में दूध एवं दूध उत्पादों में मिलावट का पता चल सकता है।

## व्यापार समाचार

# फोनपे ग्रुप ने अकाउंट एग्रीगेटर बिजनेस से बाहर निकलने का किया ऐलान




नई दिल्ली(ए) । फिनटेक क्षेत्र के अग्रणी फोनपे ग्रुप ने शुक्रवार को अकाउंट एग्रीगेटर (एए) बिजनेस से बाहर निकलने का ऐलान किया। इसकी बजाय, वह बाजार में दूसरी एए कंपनियों के साथ साझेदारी करेगा।

फोनपे ग्रुप ने कहा है कि उसने हमेशा सभी भारतीयों के लिए वित्तीय समावेशन पर ध्यान केंद्रित करके उत्पाद तैयार करने की कोशिश की है, जो 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के देश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। कंपनी ने एक बयान में कहा, हमें विश्वास है कि अकाउंट एग्रीगेटर (एए) इकोसिस्टम को बढ़ावा देना वित्तीय समावेशन को ठीक से आगे बढ़ाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। साल 2022 तक एए इकोसिस्टम शैशवावस्था में था और शुरुआती चरण में इन्हें अपनाने वालों की संख्या भी कम थी। जून 2023 में, फोनपे ग्रुप को अपना खुद का अकाउंट एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म बनाने और एए इकोसिस्टम के विकास में तेजी लाने में मदद करने के लिए अपना खुद का एए लाइसेंस मिला था।कंपनी ने बताया, यह केवल अंतिम उपभोक्ता (बी2सी) उत्पादों के निर्माण की हमारी सामान्य रणनीति से अलग था। हमें गर्व है कि हम दो साल से भी कम समय में अपने एए प्लेटफॉर्म पर लगभग पांच करोड़ भारतीयों को पंजीकृत करने में सफल रहे हैं। हालांकि, प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताओं के कारण, हम अपने प्लेटफॉर्म पर जितने वित्तीय सूचना प्रदाताओं (एफआईपी) को जोड़ना चाहते थे, उतना नहीं कर पाए।कंपनी ने बताया, अच्छी खबर यह है कि आज एए इकोसिस्टम खुद ही फल-फूल रहा है और कई अन्य कंपनियां भी बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। इसलिए, फोनपे ग्रुप ने अकाउंट एग्रीगेटर बिजनेस से बाहर निकलने का फैसला किया है,और इसकी बजाय हम बाजार में अन्य एए के साथ साझेदारी करेंगे।

तदनुसार, कंपनी ने अपना एनबीएफसी-एए लाइसेंस भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सरेंडर करने का फैसला किया है और अपने एए परिचालन को बंद करने की पहल की है।फोनपे ग्रुप ने कहा, हम अपने एए यूजर बेस तक जल्द ही पहुंचेंगे और उन्हें अपने निर्णय से अवगत कराएंगे तथा नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार उनकी मदद करेंगे।

## नया इनकम टैक्स बिल संसद में अगले हफ्ते पेश होने की उम्मीद : वित्त मंत्री

नई दिल्ली ,(ए) । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले हफ्ते में नया इनकम टैक्स बिल पेश किया



जाएगा, जो जांच के लिए संसद की वित्त संबंधी स्थायी समिति के पास जाएगा। आम आदमी के हाथ में अधिक पैसा छोड़ने और नियमों के सरलीकरण के लिए लाया जा रहे नए इनकम टैक्स बिल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी मिल गई है। बजट के बाद की बैठक में रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत में वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि जब सारी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और संसद इसे पारित कर देगी, तब सरकार तय करेगी कि नया कानून कब लागू किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा, मुझे उम्मीद है कि इसे आने वाले हफ्ते में लोकसभा में पेश किया जाएगा। प्रक्रिया यह है कि समिति अपनी सिफारिश देती है, वह वापस आती है और फिर सरकार कैबिनेट के माध्यम से निर्णय लेती है कि क्या ये संशोधन किए जाने हैं।उन्होंने आगे कहा, इसके बाद ही यह फिर से संसद में जाता है। एक बार जब संसद पारित हो जाता है, तब वे निर्णय लेते हैं कि इसे कब लागू करना सबसे अच्छा रहेगा।कैबिनेट द्वारा नए इनकम टैक्स बिल को मंजूरी दिए जाने से पहले इस मामले से जुड़े लोगों ने कहा था कि केंद्रीय बजट में इनकम टैक्स छूट की सीमा 12 लाख रुपये तक बढ़ाए जाने के बाद कर आधार में कमी को देखते हुए, नया कानून संभवत: कर दायरे को बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करेगा।

## एलआईसी का मुनाफा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़ा, एयूएम में भी हुई इजाफा

नई दिल्ली , (ए) भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले साल की समान तिमाही में 9,468.99 करोड़ रुपये था।

कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में कंपनी का कर के बाद मुनाफा 29,138 करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 26,913 करोड़ रुपये पर था। यह सालाना आधार पर 8.27 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में कंपनी ने 3,40,563 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम एकत्रित किया है। इसमें सालाना आधार पर 5.51 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) सालाना आधार पर 10.29 प्रतिशत बढ़कर 54,77,651 करोड़ रुपये हो गया है।

चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में एलआईसी की नए बिजनेस प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) सालाना आधार पर 9.73 प्रतिशत बढ़कर 42,441 करोड़ रुपये हो गई है।

एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, हमारा ध्यान और रणनीति एक गतिशील वातावरण में अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद और चैनल मिश्रण को बदलने की दिशा में लगातार बना हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस (वीएनबी) मार्जिन सुधरकर 17.1 प्रतिशत हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 16.6 प्रतिशत था। इस दौरान वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस 6,477 करोड़ रुपये रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 5,938 करोड़ रुपये थी। मोहंती ने आगे कहा कि अब तक 1.25 लाख से अधिक महिलाओं को बीमा सखी योजना में पंजीकृत किया गया है और 70,000 से अधिक को बीमा सखी के रूप में नियुक्त किया गया है।

## विदेशों में आयातित खाद्य तेल महंगे होने से देश के तेल-तिलहन बाजार में सुधार के संकेत

### रुपया कमजोर होने तथा विनिमय दर बढ़ाये जाने से भी खाद्य तेलों में सुधार को बल मिला

नई दिल्ली (ए)। विदेशों में आयातित खाद्य तेलों के भाव में बढ़ोतरी होने तथा आने वाले त्योहारों की वजह से आवक कम होने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के



दाम सुधार के साथ बंद हुए। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने तथा विनिमय दर बढ़ाये जाने से भी खाद्य तेलों में सुधार को बल मिला। बाजार सूत्रों ने कहा कि इन सबके अलावा विनिमय दर बढ़ाये जाने से भी खाद्य तेल कीमतों में मजबूती रही। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 50 रुपये के सुधार के साथ 6,100-6,200 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 150 रुपये के सुधार के साथ 13,200 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश: 25-25 रुपये के सुधार के साथ क्रमश: 2,265-2,365 रुपये और 2,265-2,390 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमश: 75-75 रुपये के सुधार के साथ क्रमश: 4,300-4,350 रुपये और 4,000-4,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमश: 500 रुपये, 400 रुपये और 350 रुपये के सुधार के साथ क्रमश: 13,700 रुपये, 13,400 रुपये और 9,600 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए।

# कोयला आयात कम करना, घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर मुख्य फोकस : मंत्री



नई दिल्ली (ए) । भारत सरकार ने एक बार फिर दोहराया है कि कोयले के आयात को कम करना और घरेलू उत्पादन बढ़ाना उसकी प्राथमिकता है। कोयला क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार है और देश के औद्योगिक व आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाता है।

भारत के पास दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है और यह कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। देश की कुल ऊर्जा जरूरतों का 55 प्रतिशत कोयले से पूरा होता है। देश में लगभग 74 प्रतिशत बिजली उत्पादन ताप विद्युत संयंत्रों (थर्मल पावर प्लांट) पर निर्भर है। इसलिए एक मजबूत और टिकाऊ कोयला क्षेत्र की जरूरत बनी रहती है, यह बात कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कही। उन्होंने यह भी बताया कि कोयला मंत्रालय इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है।सरकार के प्रयासों से आयातित कोयले पर निर्भरता कम हुई है। अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच कोयला आयात में 5.35 प्रतिशत की कमी आई, जिससे लगभग 3.91 अरब डॉलर (30,007.26 करोड़ रुपये) की बचत हुई। खासकर, घरेलू बिजली संयंत्रों में उपयोग होने वाले कोयले का आयात 23.56 प्रतिशत घटा है।

मंत्रालय की 'मिशन कोकिंग कोल' योजना का लक्ष्य 2029-30 तक देश में कोकिंग कोल का उत्पादन बढ़ाकर 140 मिलियन टन (एमटी) करना है, जिससे इस्पात क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम हो सके।

भारत का कोयला उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में 997.82 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो 2014-15 में 609.18 मिलियन टन था। पिछले दस वर्षों में इस क्षेत्र की औसत वार्षिक वृद्धि दर 5.64 प्रतिशत रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में उत्पादन में पिछले साल की तुलना में 11.71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।जनवरी 2025 तक कोयला मंत्रालय ने 184 खदानों का आवंटन किया, जिनमें से 65 को खनन शुरू करने की अनुमति मिल चुकी है। इन खदानों से कुल 136.59 मिलियन टन कोयले का उत्पादन हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 34.20 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में उत्पादन 170 मिलियन टन से अधिक होने की उम्मीद है।आठ कोर उद्योगों में कोयला क्षेत्र ने सबसे तेज वृद्धि दर्ज की है, दिसंबर 2024 में इसमें 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके अलावा, भारतीय रेलवे की माल ढुलाई से होने वाली कुल आय का लगभग 50 प्रतिशत कोयला परिवहन से आता है।

## टाटा मोटर्स ने गुवाहाटी में शुरू की पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा

गुवाहाटी (ए) । टाटा मोटर्स ने पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा (आरवीएफएफ) को लॉन्च किया। इसकी वार्षिक क्षमता समाप्त हो चुके 15,000 वाहनों को सुरक्षित रूप से नष्ट करने की है। इसमें कार को नष्ट करने के लिए टिकाऊ और पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाएगा।

इस सुविधा को टाटा मोटर्स के साझेदार एक्सोम प्लैटिनम स्क्रैपर्स द्वारा संचालित किया जाएगा है और यह सभी ब्रांडों के यात्री और वाणिज्यिक वाहनों को स्क्रैप करने के लिए सक्षम है।

गुवाहाटी में शुरू हुई टाटा मोटर्स की यह सातवीं स्क्रैप सुविधा है। इससे पहले कंपनी जयपुर, भुवनेश्वर, सूरत, चंडीगढ़, दिल्ली-एनसीआर और पुणे में भी कंपनी स्क्रैप सुविधा को शुरू कर चुकी है।

राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने कहा, इस उन्नत वाहन रीसाइक्लिंग सुविधा के शुभारंभ से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही हमारे राज्य और समुदायों की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

इसके अलावा नई स्क्रैपिंग सुविधा से समाप्त हो चुके वाहनों का सुरक्षित निपटान भी सुनिश्चित होगा। कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और स्वच्छ पर्यावरण में योगदान मिलेगा।उन्होंने आगे कहा, असम में इस स्मार्ट सुविधा को खोलने के लिए मैं टाटा मोटर्स को धन्यवाद देता हूं।टाटा मोटर्स ने क्षेत्र में जिम्मेदार वाहन स्क्रैपिंग को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने बताया, हम सर्कुलर अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध हैं और ऐसी प्रैक्टिस को आगे बढ़ा रहे हैं जो स्थिरता का समर्थन करती हैं। सात राज्यों में हमारे आरवीएसएफ के नेटवर्क के साथ, हम अब सालाना 100,000 से ज्यादा समाप्त हो चुके वाहनों को नष्ट कर सकते हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस

देश के किसी भी राज्य की पुलिस व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा किसी आरोपी को नोटिस नहीं भेज सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाते हुए पुलिस को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 41ए (भारतीय सुरक्षा संहिता की धारा35) को लेकर आदेश दिया। अदालत ने राज्य सरकारों को स्थाई आदेश जारी करने का आदेश दिया। उन्हें सीआरपीसी या बीएनएसएस के तहत सेवा के निर्धारित तरीकों के माध्यम से ही नोटिस जारी करने को कहा।

हरियाणा के डीजीपी के आदेश में कहा गया था कि सीआरपीसी की धारा 41ए व बीएनएसएस की धारा35 के तहत नोटिस भौतिक रूप से या वाट्सएप, एसएमएस, ई-मेल व किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से तामील कराये जा सकते हैं। सबसे बड़ी अदलात अपने एक फैसले में व्हाट्सएप के जरिए दिए नोटिस को पहले ही गलत बता चुकी है। वास्तव में व्यक्तिगत रूप से नोटिस देने में कई दफा पुलिस असफल रहती है।

आरोपी तक उसकी पहुंच न हो या वह पकड़ न आ रहा हो तो नोटिस देने में उसे कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। कई दफा पुलिस नोटिस रिहाइस में चिपकाकर इतिश्री करने की रस्म निभाती नजर आती है। आधुनिक तकनीकि और संचार माध्यमों के उपयोग को दर-किनार करना अब अव्यावहारिक नहीं ठहराया जा सकता। आज जब अपराधियों की धर-पकड़ में उनकी लोकेशन का खुलासा करने में फोन और नेट-वर्क सबसे बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस न देने का निर्णय पुलिस के अधिकारों को सीमित करने सरीखा है। आधुनिक तकनीकि व प्रौद्योगिकी को रोजमर्रा के जीवन में आसानियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रयोग किए जाने में कोई हर्ज नहीं। यह आवश्यक है कि नोटिस प्राप्ति की सूचना स्पष्ट तौर पर प्राप्त होने का प्रमाण पुलिस के हाथ हो ताकि उसे साक्ष्य प्राप्त करने में दिक्कत न हो। पुराने व पारंपरिक तरीकों को बदलना निसंदेह जोखिमपूर्ण हो सकता है। मगर इस भय से सुविधाओं को नित-प्रति जीवन से दूर नहीं रखा जा सकता।

हालांकि पुलिस भी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने को कम बदनाम नहीं है। वह रस्मादायगी के तौर पर मैसेज, वाट्सएप या ई-मेल कर हाथ पर हाथ रखे बैठी रह सकती है। अदालती नोटिसों से न घबराने वाले दोषियों की धर-पकड़ अंततः पुलिस का ही जिम्मा है।

# अपराधियों पर नकेल

**डॉ. एस.के. मिश्र**

भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के लिए आपराधिक मामलों में इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए विशेष रूप से भारतपोल पोर्टल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लॉन्च किया गया है।

यह पोर्टल भारत में आपराधिक घटनाओं के वांछित भगोड़ों के विरुद्ध लाल' तथा अन्य रंग कोडित नोटिस जारी करने के अनुरोधों को सुगम बनाता है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा बनाए गए इस पोर्टल की महत्त्वपूर्ण विशेषता रीयल टाइम इंटरफेस है।

अभी तक इंटरपोल के साथ काम करने वाली एकमात्र एजेंसी सीबीआई होती थी किंतु भारतपोल लॉन्च होने से हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन (इंटरपोल) के साथ जुड़ सकेंगी। पोर्टल और तीन नये आपराधिक कानून विदेश भागे अपराधियों को पकडऩे का मजबूत माध्यम सिद्ध हो सकेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार भारतपोल वास्तविक समय पर सूचना साझा करने और अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहायता तक तेजी के साथ पहुंच को सक्षम करके केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों और राज्यों की पुलिस के बीच इस प्रकार से समन्वय स्थापित करेगा कि अपराधी की तलाश एवं वापसी की प्रक्रिया और भी सुगम हो जाएगी।

गृह मंत्री ने कहा कि नया पोर्टल केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों को इंटरपोल में 195 सदस्य देशों से अपने मामलों की सीधे तौर पर जानकारी साझा करने और उनसे जानकारी प्राप्त करने की अनुमति देगा। नई दिल्ली के भारत मंडपम में संपन्न सीबीआई के अलंकरण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतपोल' की शुरुआत के साथ भारत अंतरराष्ट्रीय जांच में नये युग की शुरुआत कर रहा है। भारतपोल' नेटवर्क के माध्यम से 195 देशों के साथ मादक पदाथरे, हथियारों, मानव तस्करी और सीमा पार के अनेक अपराधों से संबंधित घटनाओं से निपटने के लिए सहयोग संभव हो सकेगा। अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विश्लेषण करने, उन पर लगाम लगाने से संबंधित तथा अपराधियों को पकडऩे में इससे सहयोग मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फिलहाल राज्यों की पुलिस विदेश भाग चुके अपराधियों का पता लगाने और तत्पचात उनके प्रर्त्यापण के लिए




केस दर केस फैसला करती हैं। इससे विदेश में रह रहे अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई समय पर सुनिश्चित नहीं हो पाती।

अभी तक राज्यों की पुलिस को विदेश भागे भगोड़े के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस अथवा अन्य नोटिस जारी करने के लिए सीबीआई से ई-मेल, पत्र व्यवहार अथवा फैक्स के माध्यम से संपर्क करना पड़ता था। मामलों के फॉलोअप में भी यही तरीका अपनाना होता था। भारतपोल प्रारंभ हो जाने से यह व्यवस्था बदल जाएगी। इस पोर्टल पर किसी अपराधी के विरुद्ध रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए आवेदन किया जा सकता है, जो सीबीआई की मार्फत तत्काल इंटरपोल तक पहुंच जाएगा। पोर्टल पर ही किसी केस की मौजूदा स्थिति को भी देखा जा सकता है अर्थात देश के सुदूर कोने से भी राज्य पुलिस अथवा कोई अन्य जांच एजेंसी विदेश भागे अपराधी का पता लगाने के लिए सरलता एवं शीघ्रता से इंटरपोल तक पहुंच सकती है। पोर्टल के माध्यम से ऐसे अपराधियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकेगी जो दूसरे देशों में अपराध करने के पश्चात भारत में छिप कर रह रहे हैं। अत: देश की जांच एजेंसियों को भारतपोल का भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए ताकि अपराधियों को ढूंढ लाना संभव हो सके। तीनों आपराधिक कानून लागू होने से अपराधियों के विरुद्ध उनकी अनुपस्थिति में भी ट्रायल करने का रास्ता साफ हो गया है। उल्लेखनीय है कि आधुनिक तकनीक से बने भारतपोल पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन के 19 प्रकार के डाटा बेस उपलब्ध हैं, जो अपराधों का गहन विश्लेषण अथवा मीमांसा करने, अपराध रोकने और अपराधियों को पकडऩे में सशक्त सहयोगी सिद्ध हो सकेंगे। वास्तव में वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी पणालियों एवं तंत्रों को उन्नत करने की सामयिक आवश्यकता थी और भारतपोल उस दिशा में समयोचित कदम कहा जा सकता है।

गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारतपोल के पांच प्रमुख मॉड्यूल-कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, संदर्भ, प्रसारण और संसाधन-हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को समर्थन देने के लिए तकनीकी मंच प्रदान करते हैं। कनेक्ट के माध्यम से हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियां अनिवार्य रूप से इंटरपोल के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी, नई दिल्ली) के विस्तार के रूप में कार्य करेंगी। यह प्रणाली इंटरपोल नोटिस के अनुरोधों पर त्वरित, सुरक्षित और संरक्षित प्रसारण सुनिश्चित करेगी जिससे भारत के भीतर एवं बाहर अपराधियों का तेजी से पता लगाने के लिए वैज्ञानिक तंत्र सक्षम होगा और समय पर अपराधियों पर नकेल डाली जा सकेगी।

निस्संदेह भारतपोल पोर्टल इंटरपोल डेटाबेस तक पहुंचेगा जिससे अधिकारी डाटा का विश्लेषण करने, अपराध रोकथाम रणनीति विकसित करने और अपराधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से पकडऩे और पता लगाने में सक्षम होंगे। वास्तव में इस दौर में साइबर अपराध की दुनिया में अनवरत उभरतीं चुनौतियों का तीव्रता, निपुणता तथा दक्षता से समाधान करने की प्रणाली की क्षमता को त्वरित गति की जरूरत भी है। निश्चित ही भारत की इस क्षेत्र में पहल क्रांतिकारी परिणाम दे सकेगी जिसमें जांच प्रक्रियाओं को फिर से परिभाषित करने और कानून प्रवर्तन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की क्षमता निहित है। भारतपोल का उद्देश्य इंटरपोल के साथ संवाद को सीधे तौर पर सरल, सुलभ, सक्षम, समयबद्ध और तीव्र गति से सुविधाजनक बनाना है। 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प चरितार्थ करने वाला यह महत्त्वपूर्ण कालखंड भी है। अत: हमें अपनी वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपनी व्यवस्थाओं को अपग्रेड करना होगा। भारत की समृद्धि और सुरक्षा के साधन सम-सामयिक बनाने पर विशेष बल देना होगा ताकि समय रहते समस्या का समाधान संभव हो सके।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान स्वामी गोविंद देव गिरि से मुलाकात की.

# संबंधों में बढ़ती हिंसा और असवेदनशीलता

**सोनम लववंशी**

तेलंगाना में पूर्व सैनिक गुरुमूर्ति द्वारा अपनी पत्नी माधवी की हत्या और उसके शव के साथ की गई बर्बरता ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न केवल एक जघन्य अपराध की कहानी है, बल्कि समाज में व्याप्त हिंसा की प्रवृत्ति, रिश्तों में बढ़ती असंवेदनशीलता और मानसिक विकृति का भी प्रमाण है।

इस वारदात ने श्रद्धा वालकर की हत्या की यादें ताजा कर दी हैं, जहां उसके कथित प्रेमी ने उसे मार कर शव के टुकड़े कर दिए थे। ऐसी घटनाएं समाज के भीतर गहरी पैठ बना चुकी क्रूरता और रिश्तों में बढ़ती दरारों को उजागर करती हैं। गुरु मूर्ति ने अपनी पत्नी को मारने के बाद उसके शव को टुकड़ों में काट कर कुकर में उबालने और फिर झील में फेंकने जैसा अमानवीय कृत्य किया। यह किसी साधारण अपराध की श्रेणी में नहीं आता। यह घटना हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता और मानसिक अस्थिरता को दर्शाती है। रिश्तों में असहमति होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह असहमति हिंसा का रूप ले लेती है, तो यह समाज के लिए गंभीर चेतावनी बन जाती है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर, ऐसा क्या हो गया है कि रिश्ते अब हिंसा और हत्या की ओर बढ़ रहे हैं। पति-पत्नी के बीच संबंधों को निजी मामला माना जाता है, लेकिन क्या इन संबंधों में मानवता और संवेदनशीलता पूरी तरह खत्म हो चुकी है? गुरुमूर्ति और माधवी के बीच झगड़े पहले भी होते रहे होंगे, लेकिन इन झगड़ों ने हिंसा का ऐसा स्वरूप ले लिया जो किसी भी सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य है। जहां यह दंपति रहता था, वहां के पड़ोसियों को भी इस बात की भनक तक नहीं लगी। यह समाज में बढ़ती एकाकी प्रवृत्ति और पड़ोसियों के बीच संवादहीनता को उजागर करता है। क्या हम इतने आत्मकेंद्रित हो चुके हैं कि हमारे आसपास क्या हो रहा है, इसकी हमें कोई परवाह नहीं? यह घटना केवल एक अपराध नहीं है, बल्कि समाज के लिए दर्पण भी है, जिसमें हमारी सामूहिक संवेदनहीनता साफ झलकती है। रिश्तों में विश्वास की कमी और संवादहीनता ऐसी घटनाओं की मुख्य वजह बन रही हैं। घरेलू हिंसा के मामले दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं, लेकिन इन्हें रोकने के लिए केवल कड़े कानून पर्याप्त नहीं हैं। इन घटनाओं के पीछे छिपे मानसिक और सामाजिक कारणों को समझना और उनका समाधान खोजना भी जरूरी है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने रिश्तों को सही तरीके से संभाल पा रहे हैं। अगर किसी रिश्ते में समस्या है, तो उसका समाधान संवाद और परामर्श के माध्यम से निकाला जा सकता है। लेकिन जब समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता है, तो वे हिंसा का रूप ले लेती हैं। हमें समझने की जरूरत है कि घरेलू हिंसा केवल व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करती है। माधवी की हत्या का मामला यह भी दर्शाता है कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक तनाव को लेकर जागरूकता की कमी है। हमें समझना होगा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं किसी भी व्यक्ति को हिंसक बना सकती हैं। इस दिशा में सामूहिक प्रयास की जरूरत है, जिसमें परिवार, समाज और सरकार की भूमिका अहम है। गुरु मूर्ति द्वारा किए गए इस अपराध को केवल एक अपराधी की मानसिक विकृति मान कर खारिज नहीं किया जा सकता। यह घटना समाज में व्याप्त गहरी समस्याओं की ओर इशारा करती है। इसे एक उदाहरण बना कर सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए न केवल सख्त कानूनों की जरूरत है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने की भी महती आवश्यकता है।

यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। रिश्तों में बढ़ती हिंसा और असंवेदनशीलता को रोकने के लिए हमें अपने मूल्यों और व्यवहारों पर पुनर्विचार करना होगा। यह समाज के लिए चेतावनी है कि अगर हम अब भी नहीं जागे तो ऐसी घटनाएं आम हो जाएंगी। गुरुमूर्ति और माधवी का मामला केवल एक घटना मात्र नहीं है, बल्कि समाज के लिए आत्मचिंतन का विषय भी है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागत स्तर पर जोरदार प्रयास किए जाएं।

# आज का राशिफल

मेष राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज दिन भर आपकी एनर्जी भरपूर बनी रहेगी और विपरीत परिस्थितियों में भी आप समस्या का हल निकालने में सक्षम रहेंगे। आज आय के साधनों में बढ़ोतरी होगी। आपको किसी नजदीकी रिश्तेदार के यहां धार्मिक आयोजन में जाने का मौका मिलेगा। अगर जमीन-जायदाद संबंधी मामला चल रहा है, तो आपसी सहमति से सुलझ सकता है।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अगर मन में किसी बात को लेकर कुछ नकारात्मक विचार उठ रहे हैं तो उन पर काबू पाने का प्रयास करेंगे और सफल भी होंगे। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। कुछ समय आध्यात्मिक गतिविधियों या मेडिटेशन आदि में बिताएंगे इससे काफी हद तक आपको सुकून मिल सकता है। कार्यक्षेत्र की आंतरिक गतिविधियों पर उचित निगरानी रखना जरूरी है।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर पैतृक संपत्ति संबंधी मामला अटका हुआ है तो आपसी तालमेल से सुलझाने की कोशिश करेंगे। कहीं पैसा उधार दिया हुआ है या रुका हुआ है तो वापस मिलने के योग बन रहे हैं। आज आपके सहज और उत्तम स्वभाव की वजह से लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार के साथ चल रही अनबन को सुधारने में आप की विशेष भूमिका रहेगी, सभी लोग आपकी बात मानेंगे। कारोबार में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए बहुत मेहनत करने की जरूरत है। आज ऑफिस में बहुत अच्छी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे आप बखूबी निभानें में सफल होंगे। आज बच्चों की गतिविधियों और दिनचर्या से आप संतुष्ट रहेंगे।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज प्रॉपर्टी संबंधी समस्या का समाधान निकालने के लिए अच्छा समय है, अनुभवी लोगों का सपोर्ट मिलेगा। सावधानी और आत्मविश्वास द्वारा अधिकतर काम सुचारु रूप से संपन्न हो जाएंगे। आज अपने निर्णय को ही प्राथमिकता देंगे। अपनी समस्याओं को छोड़कर नई शुरुआत करने की कोशिश करें। आज आपको किसी प्रभावशाली व्यक्ति का साथ मिलेगा।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी न किसी कार्य को लेकर चल रही व्यस्तता आपको थका देगी, परंतु इस मेहनत का परिणाम बेहतर मिलने से राहत मिलेगी। किसी समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा, आपसी मेलजोल से खुशी मिलेगी।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप जिस काम को पूरा करने की ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान अवश्य रहेगा, इससे संपर्क दायरा बढ़ेगा और साथ ही अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र चित्त रहेंगे। फाइनेंस के मामलों में आज का दिन फायदेमंद साबित होगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती है, लेकिन साथी और कर्मचारियों की मदद से समस्या हल हो जाएगी। नए काम से जुड़ी योजना बनाने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी लेना जरूरी है। कार्यस्थल पर आज काम कम होने से सुकून मिलेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज पिछले कुछ समय से चल रहे खर्चो को व्यवस्थित करने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज बड़ी उपलब्धि मिलने से मन प्रसन्न रहेगा, साथ ही और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। आज बच्चों का पढ़ाई की तरफ ध्यान देखकर मन में तसल्ली रहेगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने आसपास की स्थिति को सकारात्मक नजरिए से समझेंगे इससे आप और प्रभावशाली होंगे। आज कई तरह की गतिविधियों में व्यस्तता रहेगी और आपको इसके उत्तम परिणाम भी मिलेंगे। बच्चों की पढ़ाई अथवा करियर को लेकर चल रही उलझन दूर होगी। ऊर्जा और उत्साह को बनाए रखने से मनोवांछित परिणाम हासिल करेंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने दृढ़ निश्चय और मेहनत से किसी विशेष काम को पूरा करने में सफलता हासिल करेंगे। आज किसी भी स्थिति में ज्यादा न उलझे और अपने गुस्से पर काबू रखें। घर के अनुभवी व्यक्ति की सलाह और मार्गदर्शन की अवहेलना नहीं करेंगे तो कुछ अच्छा और नया सीखने को मिल सकता है। किसी राजनीतिक व्यक्ति की भी सहायता मिलेगी। इस राशि के छात्रों को अपनी पढ़ाई और करियर को लेकर चल रही समस्या का समाधान मिलने से सुकून रहेगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। जीवन में आपको जो सफलता अभी तक प्राप्त हुई हैं, उनकी वजह से स्थिरता मिलेगी। आज आपके जीवनसाथी का साथ आपके आत्मविश्वास और आत्म बल को और अधिक मजबूत बनायेगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी और संपर्क दायरा भी बढ़ेगा।

# आखिरकार बीजेपी ने जीता दिल्लीवासियों का दिल

**मुस्ताअली बोहरा**

आखिरकार, करीब ढाई दशक बाद दिल्ली में भाजपा का सूखा खत्म हो गया। भारतीय जनता पार्टी के लिए दिल्ली की जीत इस मायने में भी खास है क्योंकि देश के ज्यादातर हिस्सों में भाजपा या भाजपा गठबंधन की सरकार है लेकिन देश की राजधानी में ही वो जीत के लिए तरस रही थी। 2014 के बाद भाजपा ने लगातार चुनावी फतह हासिल की। केन्द्र में भी तीसरी बार सत्ता कब्जाई। मोदी-शाह की जोड़ी ने करीब करीब देश भर में भाजपा के झंडे गाड़े, कई छोटे या क्षेत्रीय दलों को मात दी, कांग्रेस को हासिए पर धकेल दिया लेकिन नाक के नीचे दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी चुनौती देती रही।

दिल्ली में सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा ने केजरीवाल के मुददों की ही काट बनाई और चुनावी बिसात पर आम आदमी पार्टी को मात दी। यमुना नदी का प्रदूषण, अरविंद केजरीवाल के शीशमहल, फ्री बिजली-पानी जैसी योजनाएं, मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर नए समीकरण, बिना सीएम फेस के चुनाव लड़ने जैसी रणनीति ने भाजपा को जीत के करीब पहुंचा दिया। खास बात ये भी है कि भाजपा की जीत और आप की हार के पीछे कांग्रेस भी एक कारण रही हैं। कांग्रेस खुद भले ही चुनावी टक्कर में ना रही हो लेकिन उसने आप के वोट काटकर भाजपा की जीत की राह आसान कर दी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम 8 फरवरी 2025 को घोषित हो गए। 5 फरवरी को हुए मतदान में कुल 60.54 प्रतिशत वोट पड़े थे। दिल्ली में पिछले एक दशक से आम आदमी पार्टी का दबदबा रहा है। इस पार्टी ने साल 2013, 2015 और 2020 में लगातार अपनी सरकार बनाई। वर्ष 2015 में आप ने 70 में से 67 सीटों पर जीत दर्ज की थी और 2020 में भी 62 सीटों पर कब्जा किया था। वहीं, बीजेपी ने 2015 में महज 3 सीटें जीतीं और 2020 में यह संख्या बढ़कर 8 हो गई थी। वहीं, इससे पहले सन 1998, 2003 और 2008 में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। चुनावी नतीजों के आधार पर ये कहा जा रहा है कि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के वोट बैंक में सेंध लगाते हुए उसके वोट काटे। जानकारों का मानना है कि कांग्रेस ने ऐसा करके हरियाणा और गुजरात विधानसभा चुनावों का बदला चुकता कर लिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी ने भी आप के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। दोनों ने ही आप सरकार की नाकामियों को उजागर किया। आप ने ही दिल्ली में कांग्रेस को हासिए पर धकेल दिया था, इसके बाद हरियाणा और गुजरात के चुनावों में भी आप ने कांग्रेस के सामने मुश्किलें खड़ी कर दी थी। यही वजह थी राहुल और प्रियंका दोनों ने ही आप सरकार और केजरीवाल पर सीधे तौर पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने यमुना नदी पर डॉक्यूमेंट्री बनाई, इस डॉक्यूमेंट्री में उन्होंने यमुना नदी के प्रदूषण और उसकी सफाई के मुद्दे पर दिल्ली सरकार की नाकामी को उजागर किया। वैसे भी दिल्ली की खराब आबो-हवा और प्रदूषण को लेकर कई बार कोर्ट की भी फटकार लग चुकी है। राहुल ने यमुना नदी के साथ ही प्रदूषण के मुददे को उछालकर आप की चुनावी मिशन को कमजोर किया। राहुल और प्रियंका के साथ ही कांग्रेस के अन्य नेता भी ये जानते थे कि दिल्ली में कांग्रेस की वापसी फिलहाल मुश्किल है लिहाजा रणनीति के तहत दोनों ने आप के खिलाफ हमला बोला।

दरअसल आम आदमी पार्टी एकमात्र ऐसी क्षेत्रीय पार्टी है, जिसने हाल ही में कांग्रेस को दिल्ली और पंजाब में सत्ता से बाहर किया है। सन 2013 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार एक तरह से पनौती साबित हुई। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद साल 2014 में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव में भी तेलुगू देशम पार्टी और भारत राष्ट्र समिति ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया था। दिल्ली की हार के बाद एक के बाद एक कई राज्यों से कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई फिर चाहे वो राजस्थान हो या मध्यप्रदेश या छत्तीसगढ़ या पंजाब। कांग्रेस के लिए आप एक बड़े खतरे के रूप में सामने आ रही थी, ऐसा लग रहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को भाजपा की बजाए आप से ज्यादा चुनौती मिलेगी लिहाजा कांग्रेस ने आप को दिल्ली में समेटने में ही भलाई समझी।

इधर, भारतीय जनता पार्टी ने मोदी के चेहरे के साथ ही जमीन पर भी बखूबी काम किया। हरियाणा और महाराष्ट्र की तर्ज सघन प्रचार काम आया। इसके अलावा अरविंद केजरीवाल के बार-बार वादों से मुकरने के कारण लोगों का भरोसा उन पर से कम हुआ। यमुना नदी साफ करने, हर घर चैबीसो घंटे पीने का पानी पहुंचाने, दिल्लीवासियों को प्रदूषित हवा से मुक्ति दिलाने जैसे बड़े लुभावने वादे वे पूरे नहीं कर पाए। एक तरफ वे दिल्ली की बदहाली के लिए उपराज्यपाल पर ठीकरा फोड़ते रहे तो दूसरी तरफ वो लोगों से दिल्ली के विकास का वादा करते रहे। इस विरोधाभास का भी खासा असर मतदाताओं पर हुआ। केजरीवाल की फ्री स्कीम पर भाजपा ने नहले पर दहला मारा। 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में बीजेपी ने साफ कर दिया कि वह सत्ता में आई तो भी केजरीवाल सरकार की किसी भी फ्री स्कीम को खत्म नहीं करेगी। भाजपा ने एक कदम आगे बढ़कर महिलाओं को हर महीने आप के 2,100 रुपये की जगह 2,500 रुपये देने का वादा कर दिया। केंद्र में आसीन मोदी सरकार ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मतदान से ठीक चार दिन पहले पेश हुए बजट में 12 लाख रुपये तक की सालाना आय को टैक्स फ्री करने की घोषणा करके मिडल क्लास वोटरों को साध लिया। इसका असर भी दिल्ली चुनावों पर पड़ा। भाजपा की जीत की अहम वजह ये भी रही कि जो मतदाता लोकसभा में भाजपा को विधानसभा में आप को वोट देते थे उन्हें विधानसभा चुनाव में आप को वोट देने के लिए मनाने की कोशिश की गई और इन सबका नतीजा बीजेपी की जीत के रूप में सामने आ गया।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल खुद चुनाव हार गए। केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा मध्यप्रदेश के धार जिले के दामाद हैं। मालूम हो कि प्रवेश वर्मा पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम वर्मा दामाद हैं। उनकी सास नीना वर्मा धार की विधायक हैं। दिल्ली चुनाव के दौरान विक्रम वर्मा और नीना वर्मा के अलावा धार के कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी दिल्ली चुनाव में दामाद के लिए चुनाव प्रचार किया था। भाजपा के प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली सीट से मात दी है। वर्मा को सीएम पद का दावेदार माना जा रहा है। ये भी माना जाता है कि नई दिल्ली सीट से चुनाव जीतता है वह ही मुख्यमंत्री पद का दावेदार होता है। केजरीवाल 2013, 2015 और 2020 में इसी सीट से ही जीतने के बाद मुख्यमंत्री बने थे। केजरीवाल ने 2013 में शीला दीक्षित को हराया था। पहले यह नई दिल्ली सीट गोल मार्केट विधानसभा क्षेत्र में आती थी लेकिन सन 2008 में परिसीमन के बाद नाम नई दिल्ली कर दिया गया।



# आतिशी ने छोड़ा सीएम पद, उपराज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी को मिली करारी हार के बाद मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने रविवार को उपराज्यपाल वीके को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनीं थीं। उनसे पहले भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज और 15 साल तक दिल्ली पर शासन करने वाली कांग्रेस की दिवंगत नेता शीला दीक्षित भी दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं।

गौर हो कि शनिवार को आए दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों में 70 में से 48 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। वहीं, आप को 22 सीटें ही मिली हैं, जबकि कांग्रेस लगातार तीसरी बार अपना खाता नहीं खोल सकी। दिल्ली में भाजपा के शानदार प्रदर्शन के बीच अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेताओं को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन मुख्यमंत्री आतिशी के अलावा तीन मंत्रियों गोपाल राय, मुकेश अहलावत और इमरान हुसैन ने जीत के साथ पार्टी की कुछ हद तक साख कायम रखी।

## दिल्ली की जीत बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम का सिग्नल : संजय झा

पटना (आरएनएस)। राज्यसभा सांसद और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम हो, बिहार की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव का परिणाम या दिल्ली का चुनाव परिणाम हो, यह आने वाले बिहार विधानसभा के परिणाम का सिग्नल है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने खुद कहा है कि नीतीश कुमार के आने के बाद बिहार में परिवर्तन हुआ है। डबल इंजन की सरकार से बिहार में काफी फायदा हुआ है।उन्होंने कहा, पिछले दो बजट से बिहार के ऊपर विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री लगातार विकास की चिंता कर रहे हैं। कुल मिलाकर बिहार का चुनाव भी एनडीए बहुत बड़े अंतर से जीतने वाला है। पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने दिल्ली चुनाव परिणाम को लेकर कहा कि हम लोग दिल्ली में घूम रहे थे। दिल्ली के 70 प्रतिशत इलाके को पिछले 10 साल में स्लम बना दिया गया है। वहां पीने का पानी तक नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त रहे।

# दिल्ली जीत पर बोले पीएम मोदी, कहा-आप की हार से अन्ना हजारे को मिली मुक्ति, यमुना को बनाएंगे दिल्ली की पहचान



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद पीएम मोदी ने शनिवार शाम भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत यमुना मैया की जय के नारे के साथ की। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में सभी वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाजपा को वोट दिया है। यह एक अभूतपूर्व जीत है। आज देश तुष्टिकरण नहीं, बल्कि भाजपा की संतुष्टिकरण की पॉलिसी को चुन रहा है। दिल्ली में विरोध प्रदर्शन, टकराव और प्रशासनिक अनिश्चितता की राजनीति ने लोगों को काफी नुकसान पहुंचाया है। आज दिल्ली के लोगों ने शहर के विकास की एक बड़ी बाधा को दूर कर दिया है। ये 'आपदा' वाले दावा करके आए थे कि राजनीति बदल देंगे, लेकिन ये सरासर बेईमान निकले।

उन्होंने मेट्रो की प्रगति को रोक दिया, झुग्गीवासियों को घर मिलने से रोक दिया, दिल्ली के लोगों को आयुष्मान भारत योजना के लाभ से भी वंचित कर दिया। लेकिन अब दिल्ली के लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस बार दिल्ली में गरीबों ने, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले मेरे भाइयों-बहनों ने, मध्यम वर्ग ने भाजपा को जबरदस्त समर्थन दिया है। मैं हर दिल्लीवासी को सबका साथ, सबका विकास की गारंटी देता हूं।हम लोग हमारा सदा मंगल करने वाली यमुना देवी को नमस्कार करते हैं। लेकिन, उसी यमुना की इन लोगों ने कैसी दुर्दशा कर दी? दिल्ली का तो अस्तित्व ही मां यमुना की गोद में पनपा है। दिल्ली के लोग यमुना की इस पीड़ा को देखकर कितना आहत होते रहे हैं! लेकिन दिल्ली की आप-दा ने इस आस्था का अपमान किया। दिल्ली का जनादेश सिर्फ विकास के लिए नहीं है, बल्कि इसकी विरासत की समृद्धि के लिए भी है। 'गंगे च यमुने चैव, गोदावरी सरस्वती, कावेरी नर्मदे सिंधु,' यह भारत का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उद्घोष है। मां यमुना हमारी आस्था का केंद्र हैं। दिल्ली में इस जीत के जश्न के साथ-साथ भाजपा ने आज मिल्कीपुर अयोध्या में भी बड़ी जीत हासिल की है।

## तेजस्वी ने दिल्ली में भाजपा की जीत पर कहा, उम्मीद है कि पार्टी अपने वादों को पूरा करेगी

पटना,(आरएनएस)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उम्मीद है कि पार्टी अपने चुनाव में किए वादों को पूरा करेगी और जुमलेबाजी तक सीमित नहीं रहेगी।

दरअसल, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रविवार को यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। उनसे जब दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत से संबंधित प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा, लोकतंत्र की खूबसूरती यही है कि जनता ही मालिक है और वही फैसला करती है। जनता जिसे चाहती है, उसे सत्ता में लाती है। लोकतंत्र में जनता मालिक है। 27 साल बाद भाजपा वहां सरकार बना रही है। उम्मीद है कि पार्टी अपने वादों को पूरा करेगी और जुमलेबाजी तक सीमित नहीं रहेगी। एनडीए नेताओं के दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है के बयान से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि यह बिहार है और यहां बहुत कुछ समझाना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने दिल्ली में 27 साल बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से उन्होंने 48 सीटें जीती हैं, जबकि आम आदमी पार्टी को 22 सीटें मिली हैं। कांग्रेस का खाता नहीं खुला है।



दिल्ली की निवर्तमान मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी नई दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से उनके आवास के बाहर मुलाकात के बाद मीडिया से बात करती हुई.

# चौधरी अस्पताल कुराली ने ऑपरेशन कर महिला के पेट से निकाली 20 किलो की रसोली

कुराली ,(आरएनएस)। स्थानीय शहर के सिंघपुरा रोड पर स्थित चौधरी अस्पताल में एक सफल ऑपरेशन किया गया है, जहां डॉक्टरों ने एक कुराली निवासी महिला मरीज के पेट से 20 किलोग्राम वजनी रसोली सफलतापूर्वक निकालने में सफलता प्राप्त की है। यह ऑपरेशन चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। मरीज, काल्पनिक नाम सरबजीत कौर, पिछले कई महीनों से पेट में अत्यधिक सूजन, दर्द और असहजता का सामना कर रही थीं। प्रारंभ में, उन्होंने इन लक्षणों को सामान्य गैस्ट्रिक समस्याओं के रूप में नजरअंदाज किया, लेकिन जब उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ और पेट की सूजन बढ़ती गई, तो उन्होंने चिकित्सा सलाह लेने का निर्णय लिया। जिस उपरान्त उन्होंने अपने शरीर की जाँच कई सरकारी अस्पतालों मे करवाई पर भरोसेमंद एवं आधुनिक तकनीक से इलाज के लिए वह महिला कुराली के चौधरी अस्पताल मे ही पहुंची। चौधरी अस्पताल में पहुंचने पर, डॉक्टरों ने सरबजीत कौर की विस्तृत चिकित्सा जांच की। अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन जैसे परीक्षणों के माध्यम से पता चला कि उनके पेट में एक विशाल ट्यूमर मौजूद है, जिसका वजन काफी किलोग्राम है। इस ट्यूमर के कारण उनके आंतरिक अंगों पर दबाव बढ़ रहा था, जिससे उन्हें अत्यधिक असहजता और दर्द हो रहा था।

अस्पताल के डॉक्टर मनन सिंह एवं डॉक्टर राजिंदर सिंह डॉक्टरों की टीम ने कुछ दिन महिला मरीज के शरीर की जांच कर सर्जरी का निर्णय लिया, क्योंकि ट्यूमर का आकार और वजन मरीज के जीवन के लिए खतरा बन सकता था। सर्जरी का नेतृत्व वरिष्ठ डॉक्टर राजिंदर सिंह एवं डॉक्टर मनन सिंह ने किया, जिनके साथ उनकी विशेषज्ञ टीम थी। ऑपरेशन लगभग 5 घंटे तक चला, जिसमें 20 किलोग्राम करीब के ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला गया। सर्जरी के दौरान, डॉक्टरों ने अत्यधिक सावधानी बरती ताकि मरीज के अन्य आंतरिक अंगों को कोई नुकसान न पहुंचे।

सर्जरी के बाद, सरबजीत कौर को आईसीयू में निगरानी में रखा गया। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी स्थिति स्थिर है और वे तेजी से स्वस्थ हो रही हैं। उन्हें कुछ दिनों तक अस्पताल में निगरानी में रखा जाएगा, जिसके बाद उन्हें घर भेजा जा सकता है। डॉक्टरों ने उन्हें नियमित फॉलो-अप और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी है।

डॉ. मनन सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा, यह सर्जरी हमारे लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, लेकिन हमारी टीम के सामूहिक प्रयासों से हम इसे सफलतापूर्वक पूरा करने में सक्षम हुए। मरीज की तेजी से हो रही रिकवरी हमारे लिए संतोषजनक है। वहीं सरबजीत कौर और उनके परिवार ने डॉक्टरों और अस्पताल के स्टाफ का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, हम डॉक्टरों के आभारी हैं जिन्होंने मेरी जान बचाई। अब मैं पहले से बेहतर महसूस कर रही हूं और जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ हो जाऊंगी। चौधरी अस्पताल के डॉक्टरों का का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति के पेट में असामान्य सूजन, दर्द या अन्य असहजता के लक्षण दिखाई दें, तो उन्हें तुरंत चिकित्सा सलाह लेनी चाहिए। प्रारंभिक निदान और उपचार से गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है। वहीं चौधरी अस्पताल में हुई इस सफल सर्जरी ने चिकित्सा क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है।

## तमिलनाडु में दस छात्राओं का यौन शोषण करने के आरोप में सरकारी स्कूल का शिक्षक गिरफ्तार

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु पुलिस ने सलेम के येरकॉड स्थित एक सरकारी स्कूल के शिक्षक को दस छात्राओं का यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

आरोपी इलियाकन्नी (37) को शुक्रवार रात येरकॉड पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की।आरोप है कि उसने कक्षा 10वीं और 12वीं की दस लड़कियों का शोषण किया।यह घटना तब प्रकाश में आई जब एक पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर स्कूल की प्रधानाध्यापिका को इसकी जानकारी दी और शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।प्रधानाध्यापिका ने तुरंत मामले की सूचना शिक्षा विभाग और जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों को दी। इसके बाद एक टीम ने स्कूल का दौरा किया और छात्रों से पूछताछ की।प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई है कि शिक्षक ने दस छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया था। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर, कोंडलमपट्टी ऑल विमेन पुलिस स्टेशन ने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया और इलयकान्नू को गिरफ्तार कर लिया।

# नोएडा : पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, 2 आरोपी गिरफ्तार

नोएडा (आरएनएस)। नोएडा के थाना सेक्टर 20 पुलिस द्वारा एक बड़ी मुठभेड़ में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया, जो मोबाइल और चैन छिनैती की घटनाओं में शामिल थे। यह मुठभेड़ 7-8 फरवरी की रात को डीएलएफ तिराहा शौचालय के पास हुई, जब पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी।

पुलिस ने बताया कि रात के समय बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति पुलिस के नजदीक पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे रुकने की बजाय भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया, और सेक्टर 18 मल्टी लेवल पार्किंग के पास पहुंचते ही बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिससे एक बदमाश घायल हो गया।

पुलिस के मुताबिक घायल बदमाश की पहचान 26 वर्षीय रोशन के रूप में हुई, जो जेजे कालोनी, सेक्टर 9, थाना फेज-1 नोएडा का निवासी है। घायल बदमाश को अस्पताल भेजा गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। बाद में पुलिस ने कांबिंग के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया।

फरार बदमाश की पहचान 22 वर्षीय अनवर के रूप में हुई, जो वर्तमान में जेजे कालोनी, सेक्टर 8, नोएडा में रह रहा था। पुलिस ने घटनास्थल से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, दो तमंचे .315 बोर, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस .315 बोर तथा पांच मोबाइल फोन बरामद किए।इन मोबाइल फोनों का संबंध हाल ही में हुई छिनैती से है। पुलिस ने इन अभियुक्तों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि यह दोनों बदमाश कई दिनों से नोएडा और उसके आसपास के कई इलाकों में मोबाइल और चेन स्नेचिंग का काम कर रहे थे और पुलिस इनकी तलाश कर रही थी।

## आप भ्रष्टाचार में लिप्त थी, कैग रिपोर्ट इसी वजह से पेश नहीं की गई : स्वाति मालीवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली कैबिनेट बैठक में ही शराब नीति घोटाले की कैग रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की बात कही है। इसका राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने समर्थन किया है।

पहली कैबिनेट बैठक में कैग रिपोर्ट पेश करने और भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने वाले पीएम मोदी के बयान पर स्वाति मालीवाल ने स्वागत किया। उन्होंने आप पर निशाना साधते हुए कहा, आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार को खत्म करने के उद्देश्यों के साथ आई थी। लोकपाल बिल की बात करती थी, लेकिन आज तक लोकपाल बिल नहीं आया।

उन्होंने कहा, वे रिपोर्ट पेश नहीं कर रहे हैं। पूरी पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई है। जनता के लिए कोई काम नहीं हो रहा है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि कैग रिपोर्ट पेश होनी चाहिए। उन्होंने कैग रिपोर्ट पेश नहीं की थी।

वहीं, कालकाजी सीट से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी जीत के बाद जश्न मनाते हुए दिखीं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ डांस किया। इस पर स्वाति मालीवाल ने कहा, एक तरफ आम आदमी पार्टी के बड़े-बड़े नेता चुनाव हार रहे हैं, दूसरी तरफ दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी अपनी इस छोटी सी जीत पर ऐसा जश्न मना रही हैं, जैसे मानो उन्होंने कोई बड़ा काम कर दिया है। उनके पास शर्म नाम की कोई चीज नहीं है, किस प्रकार से वह डांस कर रही हैं? पूरी पार्टी चुनाव हार चुकी है, लेकिन आतिशी अभी भी अपने अहंकार में हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस जन्म में दिल्ली नहीं जीत पाएंगे, अरविंद केजरीवाल के इस पुराने बयान पर मालीवाल ने कहा, यह अरविंद केजरीवाल का अहंकार था। उन्हें अहंकार हो गया था और अब उनके अहंकार की हार हुई है।बता दें कि दिल्ली चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाई है। वहीं, पिछले 10 साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।

## दिल्ली का जनादेश हम विनम्रता से स्वीकार करते हैं : राहुल गांधी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को सामने आए नतीजों में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 48 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि आम आदमी पार्टी महज 22 सीटों पर सिमट गई। इस चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला, जो पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव परिणामों के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और दिल्लीवासियों को धन्यवाद दिया।

उन्होंने एक्स पर लिखा, दिल्ली का जनादेश हम विनम्रता से स्वीकार करते हैं। प्रदेश के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण और सभी मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद। प्रदूषण, महंगाई और भ्रष्टाचार के विरुद्ध तथा दिल्ली की प्रगति और दिल्लीवासियों के अधिकारों की यह लड़ाई जारी रहेगी। इससे पहले, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करते हुए हार स्वीकार की। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, आज दिल्ली के चुनाव के नतीजे आए हैं। जनता का जो भी निर्णय है, उसे हम पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं। जनता का निर्णय सिर माथे पर। मैं भारतीय जनता पार्टी को इस जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि जिस अपेक्षा और आशा के साथ लोगों ने उन्हें बहुमत दिया है, वह उन सभी उम्मीदों और आशाओं पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा, हमने पिछले 10 साल में दिल्ली की जनता से जो मौका प्राप्त किया, उसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली जैसे क्षेत्रों में कई अहम काम किए। साथ ही दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी सुधार की कोशिश की। अब जो जनता ने निर्णय दिया है, हम न केवल एक सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे, बल्कि हम समाज सेवा के क्षेत्र में भी हमेशा काम करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल के अलावा दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी हार का मुंह देखना पड़ा है।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे में अपने 60वें जन्मदिन के अवसर पर परिवार के सदस्यों के साथ केक काटा।

# मिल्कीपुर उपचुनाव में अपनी शर्मनाक हार पर सपा जनता को जवाब दे : मायावती



लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मिल्कीपुर में सपा की हार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा की इतनी शर्मनाक हार कैसे हुई, इसके जवाब का जनता को इंतजार है। बसपा मुखिया मायावती ने रविवार को अपने एक बयान में सपा की मिल्कीपुर में करारी हार को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की अपनी सीट पर 61,710 वोटों से करारी हार भी जनता की नजर में इस हकीकत को लेकर है कि बसपा द्वारा चुनावी गड़बड़ी संबंधी आवश्यक सुधार होने तक देश में कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ने के फैसले के कारण इस सीट पर पार्टी का कोई उम्मीदवार नहीं होने के बावजूद सपा की इतनी शर्मनाक हार कैसे हुई? उन्होंने कहा कि इस पर सपा के जवाब का लोगों को इंतजार है क्योंकि यूपी में पिछली बार हुए उपचुनाव में सपा ने अपनी पार्टी की हार की ठीकरा बसपा के ऊपर फोड़ने का राजनीतिक प्रयास किया था।

## छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर मिला संदिग्ध ड्रोन, पुलिस ने शुरू की जांच

मुंबई(आरएनएस)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे के पास एक संदिग्ध ड्रोन मिला है। बताया जा रहा है कि टर्मिनल 2 के एप्रन क्षेत्र (विमानों की पार्किंग वाले) में एक ड्रोन उड़ता हुआ देखा गया था। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। ये मामला 7 फरवरी का बताया जा रहा है। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि सुबह 7:45 से 8:15 बजे के बीच टर्मिनल 2 के एप्रन क्षेत्र में एक ड्रोन उड़ता हुआ देखा गया है। इसके बाद पुलिस ने तुरंत ही एयरपोर्ट की सुरक्षा टीम से संपर्क किया। इस दौरान जब सुरक्षाकर्मी एप्रन क्षेत्र में पहुंचे तो उन्हें जमीन पर एक ड्रोन पड़ा हुआ मिला। इसके बाद ड्रोन को कब्जे में लिया गया।

## दूल्हे का सीबील स्कोर देख लड़की वालों का परिवार हैरान, तोड़ दी शादी

मुरतिजापुर (आरएनएस)। महाराष्ट्र के मुरतिजापुर में एक अनोखी घटना सामने आई है, जहां खराब सीबील स्कोर के कारण एक शादी टूट गई। आमतौर पर खराब सीबील स्कोर के चलते बैंक लोन देने से मना करते हैं, लेकिन शादी टूटने का यह मामला शायद पहला है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब दूल्हे और दुल्हन के परिवार शादी को अंतिम रूप देने के लिए मिल रहे थे। बातचीत के दौरान, दुल्हन के चाचा ने दूल्हे का सीबील स्कोर जांचने का अनुरोध किया।चाचा ने दूल्हे का पैन कार्ड लेकर ऑनलाइन सीबील स्कोर चेक किया। परिणाम देखकर दुल्हन का परिवार हैरान रह गया। दूल्हे पर कई बैंकों का कर्ज था और उसका सीबील स्कोर भी काफी कम था। कम सीबील स्कोर यह दर्शाता है कि व्यक्ति का क्रेडिट इतिहास खराब है और वह पहले भी लोन चुकाने में डिफ़ॉल्ट कर चुका है।दुल्हन के चाचा ने तर्क दिया कि वित्तीय संकट में घिरा दूल्हा अपनी पत्नी को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं होगा। दुल्हन के परिवार के अन्य सदस्य भी इस राय से सहमत हुए और शादी का प्रस्ताव रद्द कर दिया गया।

## थाई स्लिट ड्रेस पहनकर मोनालिसा ने इंटरनेट पर लगाई आग, लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर हुई वायरल



भोजपुरी से टीवी इंडस्ट्री तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिल अवतार इंटरनेट पर आते ही कहर बरपाने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छाने लगता है। साथ ही फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने दो डोरी पर टिका बैकलेस गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट एंड ग्लैमरस नजर आ रही हैं। कानों में इयररिंग्स और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।ग्रीन कलर का रिवीलिंग गाउन पहने हुए एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनकी इस हॉटनेस को देखकर लोग उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को फॉलो करते हैं। साथ ही उनके स्टाइलिश अवतार को देखकर फैशन सेंस की चर्चा भी करते हैं।

# आलिया-कैटरीना, श्रद्धा और यामी के साथ नॉमिनेट होना सपना सच होने जैसा: नितांशी गोयल

***किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' में अपने किरदार 'फूल' से लोगों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री नितांशी गोयल को आईफा में सर्वश्रेष्ठ मुख्य भूमिका (महिला) पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है। अभिनेत्री का मानना है कि आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, यामी गौतम और श्रद्धा कपूर जैसे नामों के साथ नॉमिनेट होना सपना सच होने जैसा है।***

नितांशी ने कहा, यह नॉमिनेशन मेरी कल्पना से परे है। मैं इस सम्मान के लिए जूरी की वास्तव में आभारी हूं और ऐसे अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ लिस्ट में शामिल किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं, जिन्हें मैं वर्षों से देखती आई हूं।

अभिनेत्री ने कहा, किसी भी चीज से ज्यादा मैं दर्शकों से मिले प्यार और प्रोत्साहन के लिए बहुत आभारी हूं। हर



संदेश और हर बार जब कोई मुझे पहचानता है, यह सब मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

उन्होंने कहा, आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, श्रद्धा कपूर और यामी गौतम के साथ नॉमिनेट होना पहले से ही एक सपना सच होने जैसा है और मैं इस पल के लिए यूनिवर्स के प्रति अपना आभार व्यक्त कर सकती हूं।

किरण राव के निर्देशन में बनी 'लापता लेडीज' को पिछले साल ऑस्कर 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया और प्रस्तुत किया गया था।

'लापता लेडीज' दो दुल्हनों की ताकत की कहानी को बखूबी पर्दे पर उतारती है। दोनों ट्रेन में अपने परिवार से अलग हो जाती हैं, दोनों के दूल्हे अलग-अलग होते हैं। गलतफहमी और खास मैसेज के साथ फिल्म की कहानी को पर्दे पर बखूबी उतारा गया है।

'लापता लेडीज' आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी है, जिसकी पटकथा बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है।

पटकथा और संवाद स्नेहा देसाई ने लिखा, जबकि अतिरिक्त संवाद दिव्यनिधि शर्मा ने तैयार किया है।

## मेरलापाका गांधी के साथ वरुण तेज की अगली फिल्म की घोषणा, इंडो-कोरियन हॉरर-फिल्म में नजर आएंगे

तेलुगु सिनेमा के अभिनेता वरुण तेज ने फिल्म मुकुंदा से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कांचे, फिदा, थोली प्रेमा और गड्डालकोंडा गणेश जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता। वरुण के जन्मदिन पर उनकी आगामी कोरियन हॉरर कॉमेडी फिल्म वीटी 15 का पोस्टर शेयर किया है, जो उनके प्रशंसकों के लिए वरुण की बर्थ डे का रिटर्न गिफ्ट है।



तेलुगु सिनेमा के अभिनेता वरुण तेज ने फिल्म मुकुंदा से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कांचे, फिदा, थोली प्रेमा और गड्डालकोंडा गणेश जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता। आज वरुण के जन्मदिन पर उनकी आगामी कोरियन हॉरर कॉमेडी फिल्म वीटी 15 का पोस्टर शेयर किया है, जो उनके प्रशंसकों के लिए वरुण की बर्थ डे का रिटर्न गिफ्ट है।

साउथ अभिनात वरुण तेज फिल्म मटका के बाद अब एक इंडो-कोरियाई हॉरर कॉमेडी के साथ वापसी के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का नाम वीटी 15 रखा गया है, जिसमें कई रोमांचक पहलुओं के साथ कॉमेडी भी देखने को मिलेगी। वरुण तेज के जन्मदिन के अवसर पर निर्माताओं ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। पोस्टर में एक रहस्यमयी जार दिखाया गया है, जिस पर ड्रैगन का डिजाइन है और एक कपड़ा जल रहा है, साथ ही अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी गई हैं। टैगलाइन सस्पेंस और कॉमेडी के अनूठे मिश्रण की ओर इशारा करती है जब शिकार करना मजेदार हो जाता है।यह फिल्म दो पावरहाउस प्रोडक्शन हाउस और एपिक एंटरटेनमेंट का इंतजार कर रही है। यूवी क्रिएशन्स और फर्स्ट्फ्रेमट्वईएनटी अविश्वसनीय रूप से बहुमुखी अभिनीत एक इंडो-कोरियाई हॉरर कॉमेडी लाने के लिए एक साथ वापस आ गए हैं। मैं हूँ वरुणतेज, निर्देशक गांधी मेरलापाका, म्यूजिकथमन संगीतमय वीटी15 एचबीडी वरुणतेज रोमांच और हंसी के जादुई मिश्रण के लिए खुद को तैयार करें। वेंकटाद्री एक्सप्रेस, एक्सप्रेस राजा और एक मिनी कथा जैसी सफल फिल्मों के लिए मशहूर मेरलापाका गांधी द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण यूवी क्रिएशंस ने फर्स्ट फ्रेम एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर किया है। फिल्म का संगीत प्रतिभाशाली थमन एस तैयार कर रहे हैं। बहलहाल, फिल्म की शूटिंग और रिलीज की तारीख सहित आगे की अपडेट जल्द ही शेयर की जाएंगी। प्रशंसक वरुण तेज की इस आगामी कोरियन ड्रामा फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं ।

## हिमेश रेशमिया की बैडएस रविकुमार ने की लवयापा की हालत खराब, लाखों में सिमटी स्काई फोर्स और देवा की कमाई

बीते शुक्रवार को 2 हिंदी फिल्में सिनेमाघरों में साथ रिलीज हुईं। एक जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म लवयापा और दूसरी गायक और संगीतकार हिमेश रेशमिया की फिल्म बैडएस रविकुमार।




दोनों ही फिल्मों को दर्शकों व समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कमाई करने के मामले में पहले दिन बैडएस रविकुमार आगे निकल गई है या ये कहें कि इसने टिकट खिड़की पर लवयापा को धो डाला है।

सैकनिल्क के मुताबिक बैडएस रविकुमार ने पहले दिन 2.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म वीकेंड पर धमाल मचा सकती है। इस फिल्म की शुरुआत अच्छी हुई है।

फिल्म का बजट 20 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ऐसे में बैडएस रविकुमार ने रिलीज के पहले दिन 2 करोड़ से ज्यादा का कारोबार कर अपनी लागत का 10 फीसदी से ज्यादा वसूल कर लिया है और पहले दिन की कमाई के मामले में इसने लवयापा को पछाड़ दिया है।उधर लवयापा ने पहले दिन उम्मीद से काफी काम कमाई की है। इस फिल्म ने 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

बॉलीवुड की जगमगाती दुनिया में 2 स्टार किड्स ने इसके जरिए बड़े पर्दे पर कदम रखा।

आमिर खान के बेटे जुनैद और बोनी कपूर-श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर।

फिल्म के प्रचार में आमिर ने भी अपना खूब जोर लगाया, लेकिन 50 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म के पहले दिन के कारोबार ने निराश किया है।

साल 2022 में एक छोटी सी तमिल फिल्म आई थी लव टुडे, जिसमें एक आधुनिक प्रेम कहानी दिखाई गई थी। फिल्म का लेखक ही फिल्म का हीरो था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से अधिक कमाई की थी। अब उसी फिल्म को हिंदी में रीमेक किया गया है, जिसका नाम रखा गया लवयापा।

फिल्म में बेशक जुनैद और खुशी दोनों की केमिस्ट्री और उनके अभिनय की तारीफ हुई, लेकिन कमाई में यह फिल्म पीछे रह गई है।दूसरी ओर बैडएस रविकुमार की कहानी एक पुलिसवाले की है, जो कानून के दायरे से अलग होकर काम करता है। देश से जुड़े रहस्यों की रक्षा करने के लिए वो एक मिशन पर है।रवि कुमार (हिमेश) इस फिल ?म का हीरो है, जो भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए और बदमाशों पर अपनी गोलियों से ही नहीं, बल्कि डायलॉग्स से भी वार करता है।प्रभु देवा, जॉनी लीवर और कीर्ति कुल्हारी जैसे कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया, सारा अली खान और निम्रत कौर जैसे सितारों से सजी फिल्म स्काई ने सिनेमाघरों में शानदार 15 दिन पूरे कर लिए हैं। 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा इसने तेजी से पार किया। फिल्म की कमाई अब भी अच्छी हो रही है, मगर 150 करोड़ तक जाने में यह छोटे-छोटे कदम भर रही है। फिल्म ने कल शुक्रवार को 85 लाख रुपये कमाए। इसी के साथ इसका नेट कलेक्शन 125.80 करोड़ रुपये हो गया है।

शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म देवा 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। शाहिद कपूर से कबीर सिंह जैसी एक और फिल्म के इंतजार में बैठे दर्शकों को देवा ने निराश किया है। ओपनिंग डे से ही इसकी शुरुआत काफी सुस्त रही है।

# शरीर की सफाई के लिए पीएं ये डिटॉक्स ड्रिंक्स, रहेंगे स्वस्थ



सुबह का समय हमारे शरीर के लिए बहुत अहम होता है। यह वह समय होता है जब हम अपने दिन की शुरुआत करते हैं और अपनी सेहत का ख्याल रखते हैं।कई लोग सुबह-सुबह डिटॉक्स ड्रिंक्स पीते हैं ताकि उनके शरीर से विषैले तत्व बाहर निकल सकें, लेकिन क्या वाकई ये ड्रिंक्स असरदार होती हैं ?आइए कुछ ऐसी डिटॉक्स ड्रिंक्स के बारे में जानते हैं, जो आपके शरीर को साफ करने समेत कई अन्य स्वास्थ्य लाभ दे सकती हैं।

### नींबू पानी पिएं और ताजगी महसूस करें

नींबू पानी एक सरल और प्रभावी तरीका है, जिससे आप अपने दिन की शुरुआत कर सकते हैं। इसमें विटामिन-सी भरपूर मात्रा में होता है, जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ा सकता है और त्वचा को निखारता है।एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़कर पीने से आपका पाचन तंत्र भी बेहतर होता है। यह आपके शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करते हैं।

### अदरक-शहद का मिश्रण आजमाएं

अदरक और शहद का मिश्रण भी एक बेहतरीन डिटॉक्स ड्रिंक हो सकता है।

अदरक में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो सूजन कम करने में मदद करते हैं, जबकि शहद प्राकृतिक मिठास के साथ-साथ ऊर्जा भी प्रदान करता है।इसे बनाने के लिए, एक कप गर्म पानी में थोड़ी-सी अदरक कदूकस करके डालें और उसमें एक चम्मच शहद मिलाएं। यह मिश्रण आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देता है और आपको स्फूर्ति प्रदान करता है।

### खीरे-पुदीने का जल बनाएं

खीरा और पुदीना दोनों ही ठंडक देने वाले तत्व होते हैं, जो आपके शरीर को अंदर से ठंडा रखते हैं।खीरे का जल बनाने के लिए कुछ खीरे के टुकड़े काटकर उन्हें पानी में डालें और उसमें कुछ पुदीने की पत्तियां मिलाएं। इसे रातभर फ्रिज में रखें ताकि सभी तत्व अच्छी तरह मिल जाएं। सुबह इस जल को पीने से आपका पेट साफ रहता है और त्वचा पर निखार आता है।

### हल्दी वाला दूध पीकर देखें

हल्दी वाला दूध या गोल्डन मिल्क आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से बहुत फायदेमंद माना जाता रहा है।हल्दी प्राकृतिक एंटीसेप्टिक होती है, जो संक्रमणों से लड़ती है, जबकि दूध कैल्शियम प्रदान करता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा होता है।इसे बनाने के लिए गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर रातभर छोड़ दें या सुबह-सुबह इसका सेवन करें ताकि आपका शरीर विषैले तत्वों से मुक्त रहे और आपकी प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहे।।

### नारियल पानी पिएं

नारियल पानी प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स का बेहतरीन स्रोत है। इसमें पोटैशियम जैसे मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करते हैं।नारियल पानी पीने से आप तरोताजा महसूस करते हैं और यह आपकी त्वचा को निखारता है।रोज सुबह खाली पेट इसे पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ सकता है, जिससे शरीर की ऊर्जा बनी रहती है।

यह आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है और आपको दिनभर सक्रिय बनाए रखता है।

# टमाटर किसे नहीं खाने चाहिए? ये 5 लोग भूलकर न लगाएं हाथ

सब्जी से लेकर पिज्जा तक हर चीज में टमाटर का इस्तेमाल होता है. इससे न केवल सब्जी की ग्रेवी का स्वाद दोगुना हो जाता है बल्कि अलग ही फ्लेवर मिलता है. कुछ लोग सलाद में भी टमाटर खाना पसंद करते हैं. लेकिन क्या आपको पता है टमाटर कुछ लोगों की सेहत कि लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है. टमाटर एक एसिडिक फल है. आयुर्वेद के अनुसार किसे टमाटर नहीं खाने चाहिए? आइए जानते हैं इसके बारे में.



### पथरी के मरीज

किडनी स्टोन (पथरी) के मरीजों को टमाटर नहीं खाने चाहिए. टमाटर में ऑक्सलेट होते हैं. इसकी वजह से पथरी का खतरा बढ़ जाता है. अगर आपको किडनी स्टोन है, तो टमाटरों को बिल्कुल न खाएं. अगर आपको पथरी के लक्षण भी नजर आ रहे हैं तो इसे खान से बचें. अगर आपको पहले कभी यह समस्या रह चुकी है, तो भी टमाटर कम खाएं.

### गैस की समस्या

जिन लोगों को गैस की समस्या रहती है, उन्हें भी टमाटर खाने से बचना चाहिए. टमाटर ज्यादा खाने से इन लोगों में गैस की परेशानी बढ़ सकती है, जिसके कारण पेट में दर्द और पेट फूलने की समस्या भी होने लगती है. इसलिए जिन लोगों को गैस बनती है, उन्हें टमाटर नहीं खाना चाहिए.

### हार्ट बर्न

जिन लोगों को एसिडिटी या हार्ट बर्न की समस्या रहती है, तो उसे टमाटर नहीं खाना चाहिए. टमाटर का नेचर एसिडिक होता है. इसलिए इसे खाने से एसिडिटी की समस्या और बढ़ सकती है. खासकर उन व्यक्तियों को जिन्हें जीईआरडी (गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग) या आईबीएस (चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम) है, उन्हें भी टमाटर नहीं खाना चाहिए.

### जोड़ों का दर्द

जिन लोगों को जोड़ों में दर्द रहता है या गठिया की समस्या है, उन्हें सीमित मात्रा में ही टमाटर खाना चाहिए. टमाटर ज्यादा मात्रा में खाने से जोड़ों में सूजन बढ़ सकती है, जिसके कारण दर्द और तेज हो जाता है. इसलिए गठिया के मरीजों को टमाटर का सोच-समझकर ही सेवन करना चाहिए.

### एलर्जी

जिन लोगों को स्किन एलर्जी कि दिक्कत रहती है उन्हें टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिए. टमाटर स्किन एलर्जी और रैशेज को और बढ़ा सकता है. साथ ही, अगर स्किन डिसकलरेशन, यानी स्किन का रंग बदलने की समस्या हो, तो भी टमाटर नहीं खाना चाहिए. इसलिए एलर्जी जब तक नहीं होती, तब तक इसे बिल्कुल न खाएं.

# युद्ध विराम समझौते के तहत गाजा के प्रमुख गलियारे से इजराइली सेना की वापसी शुरू



तेल अवीव (ए)। हमास के साथ युद्ध विराम समझौते के तहत इजराइली सेना ने गाजा के एक प्रमुख गलियारे से हटना शुरू कर दिया है। युद्धविराम समझौते के एक भाग के रूप में इजराइल ने नेत्ज़ारिम गलियारे से अपनी सेनाएं हटाने पर सहमति व्यक्त की थी। यह एक भू-पट्टी है जो उत्तरी गाजा को दक्षिणी गाजा से अलग करती है। इजराइली अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह बात कही, क्योंकि उन्हें मीडिया के साथ सैन्य टुकड़ियों की आवाजाही पर चर्चा करने का अधिकार नहीं था। इजराइल ने युद्ध विराम की शुरुआत में फलस्तीनियों को युद्धग्रस्त उत्तरी क्षेत्र में अपने घरों की ओर जाने के लिए नेत्ज़ारिम पार करने की अनुमति देना शुरू कर दिया था। इसके अलावा क्षेत्र से सेनाओं की वापसी समझौते के प्रति एक और प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि रविवार को इजराइल ने कितने सैनिक वापस बुलाये थे। बयालीस दिवसीय युद्ध विराम अभी अपने आधे पड़ाव पर है और दोनों पक्षों को इसे बढ़ाने के लिए बातचीत करनी है, जिससे हमास की कैद से और अधिक इजराइली बंधकों को मुक्त कराया जा सके।

# अमेरिका-दक्षिण कोरिया-जापान के बीच बढ़ती साझेदारी उत्तर कोरिया के लिए खतरा : किम

सियोल (ए)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि दक्षिण कोरिया और जापान से अमेरिका की सुरक्षा साझेदारी बढ़ने से उत्तर कोरिया के सामने गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। किम ने साथ ही अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का संकल्प जताया है। सरकारी मीडिया में आईं खबरों में यह जानकारी दी गई। किम पहले भी ऐसी चेतावनियां दे चुके हैं। उनके ताजा बयान से यह संकेत मिलता है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उनसे मुलाकात करने और कूटनीति को पुनर्जीवित करने की पेशकश को निकट भविष्य में स्वीकार नहीं करेंगे। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' के अनुसार शनिवार को कोरियाई पीपुल्स आर्मी की 77वीं स्थापना दिवस के अवसर पर दिए गए भाषण में किम ने कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की तरह क्षेत्रीय सैन्य संगठन बनाने की अमेरिकी



साजिश के तहत स्थापित अमेरिका-जापान-दक्षिण कोरिया त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी कोरियाई प्रायद्वीप में सैन्य असंतुलन पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, यह साझेदारी हमारे देश के सुरक्षा हालात के लिए गंभीर चुनौती खड़ी कर रही है। केसीएनए के मुताबिक, उन्होंने परमाणु शक्तियों समेत सभी प्रतिरोध प्रणालियों को तेजी से मजबूत बनाने के लिए नयी योजनाओं उल्लेख करते हुए, एक बार फिर परमाणु कार्यक्रम पर आगे बढ़ने की नीति स्पष्ट की। शुक्रवार को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ट्रंप ने कहा था कि हम उत्तर कोरिया और किम जोंग उन के साथ संबंध बनाए रखेंगे। जैसा कि आप जानते हैं, मेरा उनसे बहुत अच्छा रिश्ता रहा। मुझे लगता है कि मैंने युद्ध रोक दिया है। इससे पहले 23 जनवरी को 'फॉक्स न्यूज' पर प्रसारित एक साक्षात्कार के दौरान ट्रंप ने किम को एक बुद्धिमान व्यक्ति बताते हुए कहा था कि वह धार्मिक कट्टरपंथी नहीं हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह किम से फिर से संपर्क करेंगे, तो ट्रंप ने जवाब दिया था, हां, मैं करूंगा। ट्रंप ने 2018-19 में तीन बार किम से मुलाकात कर उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने पर चर्चा की थी।

## हमास ने संघर्ष विराम के तहत रिहा किए जाने वाले तीन और इजराइली बंधकों के नाम बताए



जेरूसलम (ए)। फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास ने संघर्ष विराम समझौत के तहत रिहा किए जाने वाले तीन और इजराइली बंधकों के नाम जारी कर दिए हैं। दक्षिणी इजराइल पर सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के दौरान हमास द्वारा बंधक बनाए गए तीन इजराइली नागरिकों को शनिवार को रिहा किया जाना है। संघर्ष विराम प्रभावी होने के बाद यह पांचवी बार है जब इजराइल की जेल में बंद फलस्तीनियों को रिहा किया जाएगा बदले में हमास इजराइली बंधकों को रिहा करेगा। एक इजराइली अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि जिन बंधकों को हमास द्वारा रिहा किया जाना है उनके नाम एली शरबी (52), ओहद बेन अमी (56) तथा ओर लेवी (34) हैं। इनके बदले में इजराइल 183 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।

# सेना को अपनी सवैधानिक सीमाओं में लौटना चाहिए : इमरान खान



इस्लामाबाद (ए)। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को एक खुला पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने सेना की गैरकानूनी कार्रवाइयों और राजनीति में इसकी भागीदारी की आलोचना की। इमरान खान ने सेना से ''अपनी संवैधानिक सीमाओं में लौटने'' का आग्रह किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान ने 'एक्स' पर साझा किए गए पत्र में जेल में दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है, जिसमें उन्हें 20 दिन तक मौत की सजा वाली कोठरी में एकांत कारावास में रखा गया, जहां सूर्य की रोशनी या बिजली की सुविधा भी नहीं थी। खान एक वर्ष से अधिक समय से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। यह पत्र उनके तीन फरवरी के पहले पत्र के बाद आया है, जिसमें उन्होंने सेना से राष्ट्रीय सुरक्षा और शासन के प्रति अपने दृष्टिकोण की समीक्षा करने का आग्रह किया था। पहले पत्र के बाद सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि यह पत्र सेना को प्राप्त नहीं हुआ है तथा उन्होंने इस बारे में मीडिया में आई खबरों को खारिज किया था।

# अलास्का में विमान दुर्घटना में मारे गए सभी 10 लोगों के शव बरामद



अलास्का (ए.)। अमेरिका के अलास्का में विमान दुर्घटना मेंमारे गए सभी 10 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो कर बेरिंग सागर में गिर गया था। नोम वालंटियर दमकल विभाग ने शनिवार दोपहर अपने फेसबुक पेज पर यह जानकारी दी। क्षेत्र में बर्फीली आंधी आने से पहले ही बचाव दलों ने शवों को निकालने के प्रयास शुरू कर दिए थे। दमकल विभाग ने दोपहर करीब तीन बजे सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, बेरिंग विमान हादसे में मारे गए सभी 10 लोगों के शव निकाल लिए गए हैं। विभाग ने कहा कि विमान को निकालने के प्रयास जारी हैं। अलास्का के नागरिक सुरक्षा विभाग के अनुसार बेरिंग एयर के विमान ने बृहस्पतिवार दोपहर को उनालाक्लीट से उड़ान भरी थी और यह नोम जा रहा था। विमान का मलबा शुक्रवार को बर्फ से ढके समुद्र में मिला था। बेरिंग एयर के संचालन निदेशक डेविड ओल्सन ने बताया था कि सेना कारवांज ने अपराह्न दो बजकर 37 मिनट पर उनालाक्लीट से उड़ान भरी थी और एक घंटे से भी कम समय बाद उसका संपर्क टूट गया था। नेशनल वेदर सर्विस के अनुसार उस समय हल्का हिमपात हो रहा था और कोहरा छाया हुआ था, साथ ही तापमान शून्य से नीचे 8.3 डिग्री सेल्सियस था।

# टाइम मैगजीन ने एलन मस्क को राष्ट्रपति की डेस्क पर बैठे दिखाया, ट्रंप ने उड़ाया मजाक

वाशिंगटन (ए)। टाइम मैगजीन के नए कवर में अरबपति एलन मस्क को ओवल ऑफिस में रेसोल्यूट डेस्क के पीछे बैठे दिखाया गया है। लाल बैकग्राउंड वाले कवर पर मस्क अमेरिकी और राष्ट्रपति के झंडों के बीच हाथ में कॉफी पकड़े राष्ट्रपति की डेस्क के पीछे बैठे नजर आ रहे हैं। इस कवर के साथ ही टाइम ने अपनी मैगजीन में वाशिंगटन के खिलाफ एलन मस्क के युद्ध की अंदरूनी कहानी पर एक



लंबा लेख भी छापा है। इसमें संघीय सरकार को उखाड़ फेंका गया, जिससे लाखों सरकारी कर्मचारी DOGE प्रमुख की दया पर रह गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जापानी प्रधानमंत्री इशिबा शिगेरू के साथ बैठक के दौरान व्हाइट हाउस में मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान ट्रंप से टाइम मैगजीन के ताजा कवर के बारे में सवाल पूछा गया। रिपोर्टर ने ट्रंप से पूछा, क्या टाइम मैगज़ीन के कवर पर आपकी कोई प्रतिक्रिया है जिसमें एलन मस्क आपके दृढ़ निश्चयी डेस्क के पीछे बैठे हैं? इसपर राष्ट्रपति ने जवाब दिया, क्या टाइम मैगज़ीन अभी भी कारोबार कर रही है? मुझे तो यह भी नहीं पता था।

# कैरेबियाई द्वीप समूह में भूकंप के तेज झटके, लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह

केमैन द्वीप (ए)। केमैन द्वीप के दक्षिण-पश्चिम में कैरेबियन सागर में 7.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसके बाद आसपास के कुछ द्वीपों तथा देशों ने सुनामी की आशंका के कारण तट के निकट रहने वाले लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस ने बताया कि स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम छह बजकर 23 मिनट पर समुद्र के अंदर तेज हलचल महसूस की गई।

यूएसजीएस के अनुसार भूकंप का केन्द्र केमैन द्वीप के जॉर्ज टाउन से 130 मील (209 किलोमीटर) दक्षिण-दक्षिणपश्चिम में 10 किलोमीटर की गहराई में था। अमेरिकी राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि अमेरिकी मुख्य भूभाग के लिए सुनामी की कोई चेतावनी नहीं है, लेकिन प्यूर्तो रिको और अमेरिकी वर्जिन द्वीप समूह के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है।केमैन द्वीपसमूह के प्रबंधन विभाग ने तट के पास रहने वाले लोगों से आग्रह किया है कि वे अंदरूनी इलाकों अथवा ऊंचे स्थानों पर चले जाएं। विभाग के अनुसार सुनामी के कारण ऊंची लहरें उठने का अनुमान है। प्यूर्तो रिको की गवर्नर जेनिफर गोंजालेज ने एक बयान में कहा कि वह सुनामी की चेतावनी के बाद आपातकालीन एजेंसियों के संपर्क में हैं। डोमिनिका की सरकार ने भी सुनामी की चेतावनी जारी की है और तट पर रहने वाले लोगों को 20 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में चले जाने की सलाह दी है। सरकार ने जहाजों से भी अगले कुछ घंटों तक समुद्र से दूर रहने को कहा है क्यूबा की सरकार ने लोगों से समुद्र तट वाले इलाकों से दूर जाने का अनुरोध किया है। अमेरिकी सरकार के राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन ने कहा कि क्यूबा के कुछ तटों पर सुनामी के कारण ऊंची लहरें उठने की आशंका हैं।

## खेल समाचार

# राजस्थान रॉयल्स ने नीलामी से खरीदे 3 ऐसे घरेलू खिलाड़ी, जिनका फॉर्म है शानदार

नईदिल्ली (ए.)। आईपीएल 2025 के लिए राजस्थान रॉयल्स ने एक बहुत ही मजबूत टीम तैयार की है, जिसकी कमान एक बार फिर संजू सैमसन संभालने वाले हैं. लेकिन, नीलामी से फ्रेंचाइजी ने कुछ ऐसे खिलाड़ियों को खरीदा है, जो भले ही इंटरनेशनल क्रिकेट में बड़ा नाम ना बन सके हो, लेकिन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है. मुंबई इंडियंस की खोज में अब आकाश मधवाल भी शामिल हो गए हैं. आकाश ने अपने प्रदर्शन से ना केवल टीम बल्कि हर किसी को इम्प्रेस किया. 2023 में उन्होंने 8 मैचों में 8.58 की इकॉनमी रेट से 14 विकेट लिए. पिछले साल उन्होंने केवल 5 मैच खेले और महंगे रहे. हालांकि, उसके बारे में पसंद करने लायक बहुत कुछ है. मधवाल ना केवल स्पीड में कमांड रखते हैं बल्कि वह यॉर्कर फेंकने में भी माहिर हैं. वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उत्तराखंड के लिए टॉप विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने 5 मैचों में 8.73 की औसत से 8 विकेट लिए. तुषार देशपांडे को इंटरनेशनल दर्जा प्राप्त है लेकिन उन्होंने केवल 2 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं. दाएं हाथ का ये तेज गेंदबाज पिछले 2 सीजन से चेन्नई सुपर किंग्स के लिए लगातार गेंदबाजी कर रहा था. देशपांडे ने 2023 में 16 मैचों में



9.92 की इकॉनमी रेट से 21 विकेट लिए और इसके बाद आईपीएल 2024 में 8.83 आरपीओ पर 17 विकेट लिए. राजस्थान रॉयल्स ने तुषार को खरीदने के लिए नीलामी में 6 करोड़ 50 लाख रुपये खर्च किए. आईपीएल 2025 में जोफ्रा आर्चर और संदीप शर्मा के साथ पेस अटैक को मजबूती देते नजर आएंगे. कुमार कार्तिकेय आईपीएल 2022 सीजन की खोज में से एक थे. वह बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स रिस्ट स्पिनर हैं. कई क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने माना है कि इस तरह का टैलेंट कम ही देखने को मिलता है. उन्होंने दो सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए 12 मैच खेले लेकिन पर्याप्त प्रभाव नहीं डाल सके. हालांकि, डोमेस्टिक क्रिकेट में वह तीनों फॉर्मेट में मध्य प्रदेश के लिए शानदार रहे हैं. कार्तिकेय ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 10 मैचों में 7.63 की इकॉनमी से 17 विकेट लिए. विजय हजारे ट्रॉफी में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा और उन्होंने 5 मैचों में सिर्फ 3.78 इकोनॉमी रेट के साथ 9 विकेट हासिल किए।

## शतक जड़ते ही रोहित ने राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली (ए.)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारतीय टीम के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। उसके स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा फॉर्म में लौट आए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया है और दमदार शतक जड़ा है। पिछले कुछ समय से वह खराब फॉर्म से जूझ रहे थे, लेकिन अब संकट से बादल हट गए हैं और हिटमैन का फैंस को पुराना अवतार देखने को मिला है। रोहित शर्मा ने पारी की शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी करनी जारी रखी। उन्होंने इंग्लैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली और उनके खिलाफ खूब रन बनाए। उन्होंने मैदान के हर तरफ स्ट्रोक लगाए और सिर्फ 30 गेंदों में ही अर्धशतक पूरा कर लिया। इसके बाद उन्होंने शतक भी धमाकेदार अंदाज में 76 गेंदों में पूरा किया। उनके वनडे करियर का ये 32वां शतक है।

## मुंबई इंडियंस ने फ्रेंचाइजी लीग में जीती 11वीं ट्रॉफी, प्राइज मनी में मिले करोड़ों रुपये

नईदिल्ली (ए)। मुंबई इंडियंस का एक बार फिर बोलबाला देखने को मिला, जब उन्होंने एसए20 लीग के फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को हराकर खिताबी जीत दर्ज कर ली. मुंबई को इस खिताबी जीत के लिए करोड़ों रुपये की प्राइज मनी मिली. 2008 में शुरू हुई आईपीएल की तर्ज पर अब दुनियाभर में टी-20 लीग खेली जाती हैं. जहां, आईपीएल के कई मालिकों ने फ्रेंचाइजी खरीदी हुई हैं. एसए20 लीग में मुंबई इंडियंस ने भी हिस्सा लिया, जहां मुंबई इंडियंस ने खिताबी जीत दर्ज की. आपको बता दें, ये मुंबई की कुल 11वीं ट्रॉफी रही. जी हां, एमआइ दुनियाभर की फ्रेंचाइजी लीगों में ना केवल हिस्सा ले रही है बल्कि खिताबी जीत भी दर्ज कर रही है. जहां, 5 ट्रॉफी आईपीएल में जीती है, 2 चैंपियंस लीग, 1 डब्ल्यूपीएल, 1 एमएलसी और आईएटी में जीती है. एमआइ केपटाउन और सनराइजर्स ईस्टर्न के बीच खेले गए मुकाबले में राशिद खान की कप्तानी में जीत दर्ज की. एमआइ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 181/8 रन बोर्ड पर लगाए. देखा जाए तो ग्रैंड फिनाले में मुंबई के किसी भी बल्लेबाज ने फिफ्टी भी नहीं लगाई, लेकिन टीम प्रदर्शन के चलते ये टीम 182 रनों का लक्ष्य खड़ा करने में कामयाब रही. एमआइ के दिए टारगेट का पीछा करने उतरी सनराइजर्स की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और 105 पर ही ऑलआउट हो गई. इस तरह मुंबई ने 76 रनों से जीत हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली. एसए20 लीग की चैंपियन टीम एमआइ केपटाउन पर पैसों की बारिश हुई. साउथ अफ्रीकी मुद्रा में 34 मिलियन रैंड मिले होंगे, जो भारतीय रुपये में 16 करोड़ 20 लाख रुपये के बराबर है. वहीं उपविजेता रही सनराइजर्स ईस्टर्न को 7.75 करोड़ रुपये मिले होंगे. तीसरे नंबर वाली टीम को करीब 4.24 करोड़ रुपये और चौथे नंबर वाली टीम को 3.74 करोड़ रुपये प्राइज मनी के तौर पर मिलेंगे. यानी कुल मिलाकर इस लीग में 70 मिलियन रैंड यानी करीब 33.36 करोड़ रुपये की प्राइज मनी रखी गई थी।

# सिंधु हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर




नई दिल्ली, (ए.)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शटलर पीवी सिंधु 11-16 फरवरी तक चीन के क़िंगदाओ में खेली जाने वाली बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप (बीएएमटीसी) के लिए भारत की टीम का हिस्सा नहीं होंगी। सिंधु ने खुलासा किया कि उन्हें हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है, जिसे ठीक होने में उम्मीद से ज़्यादा समय लगेगा। सिंधु ने एक्स पर लिखा, मैं भारी मन से यह साझा कर रही हूं कि मैं बीएएमटीसी 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। 4 तारीख को गुवाहाटी में प्रशिक्षण के दौरान, मुझे अपनी हैमस्ट्रिंग में दर्द महसूस हुआ। अपने देश के लिए भारी भरकम टेपिंग के साथ आगे बढ़ने के मेरे प्रयासों के बावजूद, एमआरआई से पता चला है कि मुझे ठीक होने में शुरू में जितना मैंने सोचा था, उससे थोड़ा ज़्यादा समय लगेगा। उन्होंने कहा, टीम को शुभकामनाएं। मैं बाहर से उत्साहवर्धन करूंगी। भारत ने बीएएमटीसी के पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था, जिसमें सिंधु ने टीम में अहम भूमिका निभाई थी। इस साल एक बार फिर महिला एकल में उनसे ही बढ़त लेने की उम्मीद थी। हालांकि, इंडिया ओपन से पहले सिंधु ने इस बात पर जोर दिया था कि इस साल उनका एक मुख्य लक्ष्य चोट से मुक्त रहना है। सिंधु के न होने की वजह से महिला एकल की जिम्मेदारी मालविका बंसोड़ पर आने की संभावना है, जो वर्तमान में विश्व रैंकिंग में भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी हैं। यह अभी भी अनिश्चित है कि सिंधु के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को चुना जाएगा या नहीं। भारत को बीएएमटीसी के ग्रुप डी में 2023 के उपविजेता दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ रखा गया है। टीम 12 फरवरी को मकाऊ के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, उसके बाद 13 फरवरी को चीन के क़िंगदाओ में कॉन्सन जिमनैजियम में दक्षिण कोरिया के खिलाफ अहम मुकाबला होगा।

## श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के एक स्टार खिलाड़ी ने अपने करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेला

कोलंबो (ए)। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट मुकाबला 9 विकेट से जीत लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से अपने नाम कर ली। इस मैच के साथ श्रीलंका के स्टार बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने का करियर खत्म हो गया है। वह पहले ही संन्यास का ऐलान कर चुके थे। दूसरा टेस्ट उनके करियर का 100वां टेस्ट मुकाबला भी था। लेकिन अपने आखिरी मैच में वह बड़ी पारी नहीं खेल पाए। उन्होंने 36 और 14 रनों की पारियां खेली। आईसीसी के चेयरमैन के जय शाह ने भी उनकी तारीफ की है। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि दिमुथ का करियर बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने खेल के पारंपरिक फॉर्मेट में एक बल्लेबाज के रूप में शानदार प्रदर्शन किया और 100 टेस्ट खेलने वाले अपने देश के सातवें खिलाड़ी बने। वह खेल के महान खिलाड़ी रहे हैं। मुझे यकीन है कि दुनिया भर में टेस्ट क्रिकेट के फैंस उन्हें याद करेंगे। मैं आईसीसी की ओर से उन्हें बेहतरीन करियर के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह विभिन्न देशों में खेलने के अपने अनुभव का उपयोग करके आने वाले सालों में भी खेल में योगदान देना जारी रखेंगे। दिमुथ करुणारत्ने ने साल 2012 में टेस्ट में अपने करियर का आगाज किया था। इसके बाद इस 36 साल के बल्लेबाज ने टेस्ट में लगभग 40 की औसत से 7222 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वाधिक स्कोर 244 रन रहा है।

## मुंबई ओपनः इस बार हमने अपना स्तर बढ़ाया हैः एकमात्र भारतीय फाइनलिस्ट प्रार्थना

मुंबई, (ए.)। मुंबई ओपन 2025 डब्ल्यूटीए 125 सीरीज के फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय प्रार्थना थोम्बरे अपनी युगल जोड़ीदार एरियन हार्टोनो के साथ रविवार को मुंबई के सीसीआई में रूसी जोड़ी एलेना प्रिडांकिना और अमीना अंशबा से भिड़ेंगी। प्रार्थना और एरियन पिछले संस्करण के दौरान भी युगल में फाइनल में पहुंची थीं, हालांकि, वे सीधे सेटों में दलिला जकुपोविच और सबरीना सांतामारिया से हार गईं। हालांकि, इस बार यह जोड़ी अंतिम मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी दिख रही है। प्रार्थना ने कहा, अब तक का सफर पिछले साल जैसा ही रहा है, लेकिन बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के साथ इस बार स्तर निश्चित रूप से बहुत कठिन हो गया है। लेकिन हमने भी अपना स्तर बढ़ाया है और हम इस बार इसे जीतने की कोशिश करेंगे। इंडो-डच जोड़ी ने टूर्नामेंट के शुरुआती चरणों में आरामदायक जीत हासिल की, लेकिन सेमीफाइनल में उनके लिए यह एक करीबी मुकाबला था। एडेन सिल्वा और अनस्तासिया तिखोनोवा के खिलाफ यह एक कड़ा मुकाबला था, जिसमें दो सेट के बाद स्कोर बराबर था। हालांकि, टाई-ब्रेकर में, प्रार्थना ने डबल्स में अपने अपार अनुभव का इस्तेमाल किया और अंतिम सेट में 10-2 से जीत हासिल की। भारत में खेलने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, प्रार्थना ने कहा, हमारे 90 प्रतिशत टूर्नामेंट विदेश में होते हैं, इसलिए अपने दर्शकों के सामने खेलना अच्छा लगता है। घर पर खेलना बहुत खास होता है। एरियन और प्रार्थना ने एक साथ खेलते हुए शानदार तालमेल बनाया है और यह कोर्ट के बाहर उनके बंधन में भी झलकता है।

## रचिन रवींद्र की इंजरी पर आया न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड का अपडेट

इस्लामाबाद (ए)। पाकिस्तान में टाइ सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। जहां पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका की टीम हिस्सा ले रही है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह सीरीज तीनों टीमों के लिए अहम है। सीरीज का पहला मुकाबला पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीम के बीच खेला गया। इस मुकाबले को न्यूजीलैंड की टीम ने भले ही जीत लिया, लेकिन रचिन रवींद्र की इंजरी ने उनकी टेंशन को बढ़ा दिया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ ट्राइ सीरीज के पहले वनडे के दौरान फील्डिंग करते समय सिर पर गेंद लगने के बाद ऑलराउंडर रचिन रवींद्र की चोट पर अपडेट जारी किया है। यह चोट रवींद्र को दूसरी पारी के 38वें ओवर में लगी, जब वह माइकल ब्रेसवेल की गेंद पर कैच लेने के प्रयास में थे। फ्लडलाइट्स के कारण गेंद उनकी नजर से ओझल हो गई और वह गेंद सीधे उनके चेहरे पर जा लगी।

## लाहौर में पाकिस्तान को मिली करारी हार, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले सामने आई टीम की असलियत

नईदिल्ली (ए.)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले पाकिस्तान की टीम को लाहौर के मैदान पर करारी हार का सामना करना पड़ा है. न्यूजीलैंड के साथ खेले गए मुकाबले में मेजबानों को 78 रनों से हार का सामना करना पड़ा. इस हार से फैंस पाकिस्तान की टीम की तैयारियों का जायजा लगा सकते हैं कि वह होम एडवांटेज होने के बावजूद कीवी टीम से हार गई.

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से होने वाली है, लेकिन इससे पहले मेजबान पाकिस्तान टीम ने मास्टरप्लान बनाया और न्यूजीलैंड-साउथ अफ्रीकी टीमों को ट्राई सीरीज खेलने के लिए बुलाया. इस वनडे सीरीज के जरिए तीनों ही टीमें मेगा इवेंट की तैयारियां करना चाहती होंगी, लेकिन पाकिस्तान को पहले ही मैच में न्यूजीलैंड ने हरा दिया. पाक के लिए ये हार चुभने वाली है, क्योंकि लाहौर के मैदान पर घरेलू दर्शकों से सामने उसे इस हार का सामना करना पड़ा. पाकिस्तान के साथ खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 330 रन बोर्ड पर लगाए. इस मैच में न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने 106 रनों की शतकीय पारी खेली, तो वहीं डेरिल मिचेल ने 81 और केन विलियमसन ने 58 रनों की अहम पारी खेली. इस तरह टीम ने मिलकर बोर्ड पर एक बड़ा स्कोर निर्धारित किया. न्यूजीलैंड के दिए 331 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन टीम उसे आगे नहीं ले जा सकी और 252 के स्कोर पर ही ऑलआउट हो गई. पाकिस्तान का पहला विकेट बाबर आजम (10) के रूप में 52 के स्कोर पर गिरा. लेकिन, ओपनिंग करने आए फखर जमान को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा वक्त नहीं बिता पाया. फखर ने 69 गेंदों पर 84 रनों की बेहतरीन पारी खेली, लेकिन उनकी ये पारी बेकार गई और टीम को 78 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा।

जिले में व्याप्त है अराजकता का माहौल, सीधे लोगों पर रौब दिखाने में रूचि लेते हैं तथाकथित अफसर

# शराब माफिया रेत माफिया मछली माफिया को कुछ भी कहने से डरता है जिला प्रशासन

- संभाले नहीं संभल रही हैं नौकर नौकरानियां, से व्यवस्थाएं
- घृतराष्ट्र और गांधारी बन जाते हैं जिला प्रशासन में बैठे जबाबदार



नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में शराब माफिया, रेत माफिया, मछली माफिया जिला प्रशासन की आंख के सामने सरेआम अवैधानिक कार्य कर रहे हैं। शहर की सड़कों की हालत, पार्किंग की व्यवस्था से मुख्यालय के नागरिक बेहद परेशान हैं। लेकिन तथाकथित प्रशासन व प्रशासन में बैठे जबावदार नौकर नौकरानियां मजे कर रहे हैं। उन्हें जनता की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं। शहर की सड़कों पर दिन रात अवैध रेत का परिवहन होता रहता है। दिन रात शहर में दर्जनों स्थानों पर अवैधानिक रूप से शराब का कारोबार जारी रहता है। मां नर्मदा के घाटों पर लगातार मछलियां मारी जाती हैं। लेकिन प्रशासन नाम का तंत्र अपनी आंखो पर धृतराष्ट्र की तरह अंधा और गांधारी की तरह आंख पर पट्टी बांध कर चुपचाप मोटा वेतन लेते हुए तथा ऊपरी कमाई करते हुए अपनी नौकरी का समय काटने में लगे हुए हैं। माफिया मौज उड़ा रहा है। नौकर बंगले में आराम फरमा रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं होता था। जैसा अब हो रहा है।

### किसान, मजदूर, महिलाएं सभी परेशान

मुख्यालय सहित जिले में किसान, मजदूर, महिलाएं, तथा आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। उनकी सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। किसानों को समय पर खाद नहीं मिलता, बीज नहीं मिलता, यहां तक की उनकी उपज का भुगतान में परेशानी होती है। जब वे आफिसों के चक्कर काटते हैं तब भी उनकी समस्याओं के समाधान के लिए नौकर नौकरानियां ध्यान नहीं देते हैं।

### मार्ग से निकलना हो रहा दूभर

कई महिनों से शहर की सड़कें खुदी पड़ी हैं। अमृत के नाम पर सड़क निर्माण के नाम पर सड़कें खोद कर कई महिनों तक ऐसे ही पड़ी रहती है। लेकिन घृतराष्ट और गांधारी को नहीं दिखता है कि मुख्यालय के नागरिकों की सुविधा के लिए उन ठेकेदारों से दो शब्द कह दें। इतनी हिम्मन नहीं रहती है। कहीं सीधे साधे लोग बैठे दिख जाएं तो ये धृतराष्ट्र और गांधारी अपने पद का रौब दिखाते हुए उन्हें डांटने डपटने का बेतुकापन का प्रदर्शन जरूर करते हैं।

### थोक में तबदाले आवश्यक हैं

वर्षों से तथा कुछ महिनों से जो कार्य करने के लायक नहीं हैं ऐसे नालायकों को यहां से कहीं दूर बाहर दूसरे जिले में भेजा जाना चाहिए। जिले से थोक में तबादले की जरूरत है। जिससे शांत शहर में अशांत टाइप के नौकर और नौकरानियों को हटाया जाना आवश्यक हो गया है। क्योंकि उनसे व्यवस्थाएं संभाले नहीं संभल रही है।

## रजक समाज 23 फरवरी को धूमधाम से मनाएगा संत गाड़गे जयंती, बैठक में बनी रूपरेखा

### समाज की प्रतिभाओं व बुजुर्गों का होगा सम्मान

नर्मदापुरम (निप्र)। रजक समाज के आराध्य संत शिरोमणि गाड़गे बाबा की जन्मजयंती कार्यक्रम 23 फरवरी को रजक समाज समाज बड़े ही उल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को एबीडीएम जिलाध्यक्ष महेश बाथरे की अध्यक्षता में परमहंस घाट स्थित संत गाड़गे प्रतिमा परिसर में समाज के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत संत गाड़गे बाबा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुई। बैठक में कार्यक्रम आयोजन की रूपरेखा तय की गई एवं पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी गई। रजक समाज नगर अध्यक्ष मनीष परदेशी ने बताया कि संत गाड़गे बाबा के जयंती कार्यक्रम सर्किट हाउस के पास पीडब्ल्यूडी कार्यक्रम के पास मनाएगा। सुबह संत गाड़गे प्रतिमा पर पूजन महाआरती की जाएगी। समाज की प्रतिभाओं व बुजुर्गों का सम्मान भी किया जाएगा। साथ ही भंडारा किया जाएगा। इस बैठक में रजक समाज के कैलाश कन्नौजिया एवीरेंद्र तिलोटिया रामगोपाल मालवीय शंकर परदेशी राजेंद्र मालवीय प्रकाश केनेकर इमरतलाल मालवीय एडवोकेट राजेश आर्य रमेश मनवारे ए परसराम पवार विष्णु राव ए प्रशांत पचौरी ए दुर्गेश सोनिया मनोज परदेशी शैलेंद्र कन्नौजिया सहित अन्य सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

## मेले में दुकानों का आवंटन जारी

## सीसीटीवी से होगी मेले में निगरानी : सीएमओ श्रीमती पटले

### *11 फरवरी को होगा मेले का उद्घाटन*

नर्मदापुरम।(निप्र)। संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेले का उद्घाटन 11 फरवरी को यानि पूर्णिमा से एक दिन पहले विधिवत और अतिथिगणों की मौजूदगी में किया जाएगा। दुकानों का आवंटन जारी है।

रविवार को मेला स्थल पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटलेए मेला प्रभारी योगेश सोनीए गौरव वर्माए अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूतए एआरआई सहित व्यापारीगण उपस्थित रहे। देर शाम तक सीएमओ और नपा की टीम द्वारा मेले में दुकानों आवंटन किया जा रहा था।

### सीसीटीवी से होगी निगरानी

सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेले में सीसीटीवी भी लगाए जाएंगे। मेले की हर समय सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। सीसीटीवी केमरे लगाने के लिए स्थान चिह्नित किए जा रहे हैं।

### श्रद्धालु और व्यापारी सादर आमंत्रित हैं

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने श्रद्धालुगणों और व्यापारीगणों से आग्रह किया है कि वे नर्मदांचल के महान संत शिरोमणी श्री रामजी बाबा मेले में आएं और मेले का आनंद लें। यह मेला आपके लिए ही है।




## जय हो समिति के नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का 241वां सप्ताह

नर्मदापुरम (निप्र)। जय हो समिति द्वारा नर्मदा घाटों को स्वच्छ रखने का अभियान निरंतर जारी है। इस कड़ी मेंए आज समिति ने अपने स्वच्छता अभियान का 241वां सप्ताह पूरा किया। समिति के सदस्यों ने आज सुबह सेठानी घाट पर श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान घाट से प्लास्टिक कचराए पॉलीथिन और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया गया। उन्होंने स्थानीय जनता से आग्रह किया कि सभी मिलकर इस पवित्र नदी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने में सहयोग करें।

समिति द्वारा यह अभियान पिछले 241 सप्ताह से लगातार चलाया जा रहा है। सफाई अभियान में समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति के गणेश यादव संजू प्रजापति सागर पटेलए विशाल बावरिया सौरभ वर्माए राजेश वर्माए अजय बावरियाए जतिन यादवए सुजीत कैथवास, किशन सराठे, अनुराग वर्मा, कौशिक बावरियाए राजा मालवीयए विकास गुप्ताए चीनू गुप्ता राम रजक अंकित सागरए प्रथम बावरिया हरिओम यादव आरुष वर्मा उपस्थित थे।

## सीएमओ का दायित्व मिलने पर डॉ प्रशांत जैन को दी शुभकामनाएं

### दोस्तों ने परिवार के साथ घर पहुंच कर सम्मान किया नए दायित्व के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी'

नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम में पदस्थ कार्यालय अधीक्षक डा प्रशांत जैन को मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा आदेश पारित करते हुए नगरपालिका परिषद मंडीदीप में प्रभारी सीएमओ के पद पर उनकी योग्यता को देखते पदस्थापना का दायित्व दिया गया। सीएमओ दायित्व की सूचना मिलने पर डॉ प्रशांत जैन के निवास स्थान पर उनके पुराने मित्रों ने मिठाई और पुष्प गुलदस्ता भेंट सम्मान किया ब नऐ दायित्व के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी डॉ प्रशांत जैन पूर्व में उच्च श्रेणी लिपिक, मुख्य लिपिक कार्यालय अधीक्षक जैसे पदों पर अपनी योग्यता के बल पर लगातार पदोन्नति प्राप्त करते गये। अपने कार्यकाल के बीच चांदामेटा नगरपालिका में भी कुछ समय प्रभारी सीएमओ के पद पर अपने दायित्व का बखूबी निर्वाहन किया है। बधाई देने वालों में अश्फाक अली, हिना अली, चंदू चच्चा अश्फाक अली, व नीतू पवार सहित अनेक शुभचिंतकों ने बधाई दी।

# भगवान विश्वकर्माजी का प्रकटोत्सव महोत्सव आज

### मनकामेश्वर मंदिर से निकाला जाएगा भव्य विशाल चल समारोह

सीहोर (निप्र)। विश्वकर्मा समाज सेवा समिति द्वारा सोमवार को पारंपरिक रूप से भगवान विश्वकर्माजी का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। मनकामेश्वर मंदिर से भव्य शोभायात्रा चल समारोह निकाला जाएगा और आदर्श सामुहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। विश्वकर्मा समाज सेवा समिति के प्रवक्ता पवन विश्वकर्मा ने बताया की सोमवार सुबह 8 बजे देवनगर कॉलोनी स्थित भगवान विश्वकर्मा जी के मंदिर में भगवान विश्वकर्माजी की पूजा अर्चना एवं हवन कार्यक्रम होगा। विश्वकल्याण के लिए यज्ञ में विरिष्ठजनों के द्वारा आहुतियां दी जाएंगी। इसी प्रकार चल समारोह अध्यक्ष जितेंद्र विश्वकर्मा के नेतृत्व में तहसील चौराहा स्थित मनकामेश्वर मंदिर से सुबह 10 बजे भव्य शोभायात्रा प्रारंभ की जाएगी। चल समारोह शहर के लीसा टकिज चौराहा पानी चोराहा, मेन रोड कोतवाली चौराहा गाड़ी अडडा रोड, सीवन नदी चौराहा से ब्राहम्पुरी कालोनी सहित प्रमुख मार्गो से होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। चल समारोह में डीजे बेंड बाजे घोड़ा बग्गी,भगवान विश्वकर्मा जी की झांकी, दुल्हा दुल्हन और उनके परिजन सहित बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित रहेगे। विश्वकर्मा मंदिर में संगीतमय भजनो की प्रस्तुति कलाकारों के द्वारा दी जाएगी जिस के बाद अतिथियों का सत्कार स्वागत सम्मान और सामाजिक चर्चा होगी। सामुहिक विवाह सम्मेलन में तीन कन्याओं का विवाह कराया जाएगा। तत्पश्चात भोजन प्रसादी को वितरण किया जाकर कार्यक्रम का मंगलमय समापन होगा।

## महिला संगीत में डांस कर रही युवती अचानक मुंह के बल गिरी,मौत

विदिशा(आरएनएस)। शादी समारोह में महिला संगीत के कार्यक्रम के दौरान मंच पर डांस करते-करते एक युवती की मौत हो गई। युवती इंदौर की रहने वाली थी। विदिशा में अपनी कजिन सिस्टर की शादी में शामिल होने आई थी।घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है। इसका वीडियो रविवार को सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि परिणीता (23) नाम की युवती मंच पर मिक्स्ड सॉन्ग पर डांस कर रही है। इसी दौरान 'लहरा के बलखा के..' गाना बजता है। युवती इस गाने पर डांस स्टेप करती है। तभी अचानक खड़े-खड़े ही मुंह के बल मंच पर गिर जाती है।आशंका है कि डांस करते समय ही उसे हार्ट अटैक आ गया, जिससे उसकी स्टेज पर ही गिरकर मौत हो गई।शनिवार रात 9 बजे महिला संगीत का कार्यक्रम शुरू हुआ। करीब 10 बजे परिणीता डांस करते करते गिरी। शादी में मौजूद डॉक्टरों (रिश्तेदार) ने उसको सीआरपी देने की कोशिश की लेकिन फिर भी कोई हलचल नहीं हुई थी तो तत्काल इस विदिशा के प्राइवेट अस्पताल ले गए।

## महाशिवरात्रि पर 301 यजमान एक साथ करेंगे महाकाल महारुद्राभिषेक

### - 12 ज्योतिर्लिंग एवं एक दिव्य शिवलिंग के आमजन कर सकेंगे अभिषेक

रतलाम, (आरएनएस)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सनातन सोशल ग्रुप द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत महात्माओं के सानिध्य में महाकाल महारुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में 301 यजमान एक साथ बाबा महाकाल का महारुद्राभिषेक करेंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से 12 ज्योतिर्लिंग एवं एक दिव्य शिवलिंग के अभिषेक के साथ दर्शन आमजन कर सकेंगे।सनातन सोशल ग्रुप संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष अनिल पुरोहित (एपी) और सचिव रवि पंवार ने बताया 26 फरवरी-2025 महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान श्री महाकाल बाबा का महारुद्राभिषेक की तैयारियों की जा रही है। सनातन सोशल ग्रुप द्वारा संत-महात्माओं के सानिध्य में धर्मनिष्ठ, जागरुक, समर्पित बंधुओं, मातृशक्ति के स्नेह सहयोग से एवं विद्वान आचार्यों की उपस्थिति में 301 धर्मनिष्ठ सपत्निक यजमान द्वारा 26 फरवरी-2025 महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रात: 10.30 बजे से सत्यम् शिवम् सुन्दरम् महारुद्राभिषेक का ऐतिहासिक स्वरूप में विशाल आयोजन श्री कालिका माता मंदिर मेला प्रांगण में किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com